


# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र





टी20 विश्वकप में सैमसन नहीं ईशान करेंगे पारी की शुरूआत पेज: 7

श्रीलीला के साथ पहली बार नजर आएंगे धनुष पेज: 8



वर्ष : 01 | अंक : 297 | शुक्रवार 06 फरवरी 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए


## 'हिंदी वाले पानी पुरी बेचते हैं', द्रमुक मंत्री के बयान से तमिलनाडु चुनाव में उत्तर-दक्षिण विवाद गहराया

**नई दिल्ली एजेंसी:** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले, डीएमके के एक मंत्री द्वारा यह कहने के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है कि उत्तर भारतीय प्रवासी राज्य में टेबल क्लीनर और पानी पूरी विक्रेता के रूप में काम करने आते हैं। तमिलनाडु के कृषि मंत्री एमआरके पन्नीरसेल्वम ने बुधवार को दो बनाम तीन भाषा विवाद को फिर से हवा दे दी - जिससे महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले 'हिंदी थोपने' के मुद्दे पर एक और विस्फोटक टकराव की स्थिति बन गई है। मंत्री ने कहा था कि उत्तर से आए लोगों के पास, "केवल हिंदी जानने के कारण", दक्षिणी राज्य में रोजगार के सीमित अवसर हैं और वे निम्न स्तर के काम करने के लिए मजबूर हैं, जबकि तमिल वासियों को राज्य की दो-भाषा नीति - जो तमिल और अंग्रेजी पर केंद्रित

# राज्य सभा में गरजे पीएम मोदी, बोले- देश सुधार एक्सप्रेस पर सवार, अब हमें रुकना नहीं है

**नई दिल्ली एजेंसी:** लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण को स्थगित किए जाने के एक दिन बाद, गुरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देना शुरू किया। विपक्षी सांसदों ने जमकर नारेबाजी की। प्रधानमंत्री के अभिभाषण शुरू होते ही कई विपक्षी नेताओं ने "एलओपी को बोलने दो" और "तनशाही नहीं चलेगी" जैसे नारे लगाने शुरू कर दिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर कटाक्ष करते हुए, पीएम मोदी ने उनकी उम्र को देखते हुए उन्हें बैठकर नारे लगाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खरगे जी की उम्र को देखते हुए, मैं आपसे, अध्यक्ष महोदय, निवेदन करता हूं कि उन्हें बैठकर नारे लगाने की अनुमति दें ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो।



पीछे युवा लोग बैठे हैं। इसलिए, कृपया खरगे जी को बैठे-बैठे भी नारे लगाने की अनुमति दें। मोदी ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में, बीते वर्ष देश के तीव्र विकास के वर्ष रहे हैं। यह जीवन के हर क्षेत्र में, समाज के हर वर्ग में बदलाव का युग रहा है। देश सही दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का पहला चौथाई भाग पूरा हो चुका है। लेकिन यह दूसरा चौथाई भाग उतना ही निर्णायक है जितना पिछली सदी में भारत के स्वतंत्रता संग्राम का दूसरा चौथाई भाग था। मैं स्पष्ट रूप से देख सकता हूँ कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में यह दूसरा चौथाई भाग भी उतना ही सक्षम साबित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति जी ने इस देश के मध्यम वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि... सभी विषयों को विस्तार से रखते हुए भारत की प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजाया है। देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इसकी भी विस्तार से चर्चा की है। हर वर्ग के

### सवार होकर विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़

**राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर सवार होकर विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है, साथ ही उन्होंने भारत की युवा आबादी को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया।**

सामर्थ्य को उन्होंने शब्दांकित किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति एक विश्वास व्यक्त किया है। ये हम सभी के लिए प्रेरक है। आज राष्ट्र का हर व्यक्ति ये महसूस कर रहा है कि हम एक अहम पड़ाव पर पहुंच चुके हैं। अब हमें न रुकना है, न पीछे मुड़कर देखना है। हमें तेज गति से चलना है और लक्ष्य प्राप्त करके ही आगे बढ़ना है। उसी दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि सबसे बड़ी बात विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं। वहां की आबादी उम्र के उस पर पड़ाव पर पहुंची है, हम जिन्हें बुजुर्ग के रूप में जानते हैं। हमारा देश ऐसा है जो विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है, उसी समय दिनोंदिन हमारा देश युवा होता जा रहा है। युवा आबादी वाला देश है। उन्होंने कहा कि जिस तरह भारत के प्रति विश्व का आकर्षण बढ़ा है, उसमें भी विश्व, भारत के टैलेंट का माहत्म्य समझ रहा है। आज हमारे पास दुनिया का बहुत ही महत्वपूर्ण युवा टैलेंट पुल है, जिसके पास सपने भी हैं, संकल्प भी है और सामर्थ्य भी है। शक्ति का आशीर्वाद हमारे साथ है। भारत आज विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, उन चुनौतियों का समाधान देने वाला देश बना हुआ है। उन्होंने कहा कि आज मेजर इकोनॉमी में भारत की ग्रोथ बहुत हाई है।

हाई ग्रोथ और लो इंफ्लेशन, ये एक यूनिक संयोग है। ये हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती को प्रदर्शित करता है। देश आजाद हुआ तब हम दुनिया में छह नंबर की इकोनॉमी थे। लेकिन इन लोगों ने ऐसा हाल करके रखा कि 11 नंबर पर पहुंचा दिया। आज हम 3 नंबर पर जाने की दिशा में तेज गति से अग्रसर हैं। आज हर क्षेत्र में भारत, आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है।

## पीएम मोदी पर 'शारीरिक हमला' के दावे को प्रियंका गांधी ने बताया बकवास, बोलीं- यह पूरी तरह से झूठ है

**नई दिल्ली एजेंसी:** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए उन पर लोकसभा को संबोधित करने का साहस न होने का आरोप लगाया। संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्पीकर के पीछे छिप रहे हैं। कल उनमें सदन में आने का साहस नहीं था क्योंकि तीन महिलाएं सदन के सामने खड़ी थीं। यह कैसी बकवास है? कोई चर्चा नहीं हो रही है क्योंकि सरकार चर्चा नहीं होने देना चाहती। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि यह पूरी तरह झूठ है। प्रधानमंत्री पर हाथ उठाने या उन्हें चोट पहुंचाने या ऐसी किसी चीज का कोई सवाल ही नहीं है। इसलिए, किसी के लिए भी यह



कहना कि ऐसी कोई योजना थी, बिल्कुल गलत है। ऐसी कोई योजना नहीं थी। उनका कहना था कि यदि आप अपने सदस्यों को खड़े होकर बकवास करने की अनुमति देंगे, तो विपक्ष के लोग विरोध करेंगे। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा अध्यक्ष के पीछे छिप रहे हैं और यह सब वह स्पीकर से कहलवा रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी गुरुवार को लोकसभा द्वारा राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद आई, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने पारंपरिक रूप से कोई जवाब नहीं दिया। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने महिला सांसदों को ढाल बनाकर निचले सदन में प्रधानमंत्री पर शारीरिक हमला करने की योजना बनाई थी। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री के संसद में उपस्थित होने और लोकसभा को संबोधित करने के लिए उपलब्ध होने के बावजूद अध्यक्ष ने सदन को स्थगित करने का निर्णय लिया। आज सुबह, विपक्षी सदस्यों के नारेबाजी से संसद के निचले सदन की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। इसी बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ध्वनि मत का आग्रह किया, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सदन में संबोधन के बिना ही प्रस्ताव पारित हो गया। प्रधानमंत्री मोदी से कल राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उत्तर देने की अपेक्षा थी, लेकिन विपक्षी सदस्यों द्वारा बार-बार व्यवधान और नारेबाजी के कारण अध्यक्ष ने लोकसभा को स्थगित कर दिया। इस बीच, विपक्ष केंद्र सरकार के खिलाफ राहुल गांधी को निचले सदन को संबोधित करने से कथित तौर पर रोकने के लिए

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पर शिवराज की हुंकार, बोले- विपक्ष झूठ की मशीन, किसान के हितों से समझौता नहीं

**नई दिल्ली एजेंसी:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को कूटनीति, विकास और गरिमा का एक नया उदाहरण बताते हुए कहा कि यह समझौता भारतीय किसानों के हितों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक अंतिम रूप दिया गया था। इस भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ घटकर 18 प्रतिशत हो गया है, जबकि वाशिंगटन का दावा है कि इस समझौते से उसे नई दिल्ली को अधिक कृषि उत्पाद निर्यात करने में मदद मिलेगी। चौहान ने आगे कहा कि प्रमुख फसलों और डेयरी सहित प्रमुख कृषि क्षेत्र पूरी तरह से संरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह समझौता



किसी भी तरह से घरेलू कृषि हितों से समझौता नहीं करता है। एएनआई से भारत के कृषि क्षेत्र पर समझौते के प्रभाव के बारे में बात करते हुए चौहान ने कहा कि यह व्यापार समझौता कूटनीति, विकास और गरिमा का एक नया उदाहरण है। हम संघर्ष के बजाय संतुलित और सशक्त संवाद में विश्वास करते हैं। किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। किसानों के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हमारे मुख्य अनाज, फल, प्रमुख फसलें और बाजरा सभी सुरक्षित हैं। डेयरी उत्पाद भी सुरक्षित हैं। शिवराज ने जोर देकर कहा कि किसान हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया है, वो सुरक्षित रखे गए हैं। सदन में माइक नहीं, विपक्ष का पारा डाउन हो जाता है। संसद नियम और प्रक्रिया से चलती है। उन्होंने आगे कहा कि किसान ही खाद्य स्त्रोत हैं। खाद्य स्त्रोत यानी जीवनदाता। उनके हित ही राष्ट्र के हित हैं, जिनकी रक्षा की गई है। किसानों की सेवा करना हमारे लिए ईश्वर की सेवा करने के समान है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कृषि मंत्री ने उन पर गलत सूचना फैलाने और अंधाधुंध विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि अनिश्चितता और अव्यवस्था का माहौल बनाने के लिए अफवाहें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष हताश हैं। वे मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं। वे जमीनी स्तर पर हमारा मुकाबला नहीं कर सकते। वे अंधाधुंध विरोध कर रहे हैं। वे झूठ की मशीन बन गए हैं। वे अफवाहों का बाजार हैं। चौहान ने आगे कहा कि व्यापार समझौता भारत के निर्यात को बढ़ावा देगा

## राहुल-खड़गे की अहम बैठक, ममता के रुख के बीच कांग्रेस की नई रणनीति !

**नई दिल्ली एजेंसी:** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को नई दिल्ली के 10 राजाजी मार्ग स्थित पश्चिम बंगाल विधानसभा में कांग्रेस के नेतृत्व के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। पश्चिम बंगाल में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसके चलते राज्य की राजनीति गरमा गई है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को भारतीय जनता पार्टी से कड़ी चुनौती मिल रही है। इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी ने विपक्ष के इंडिया ब्लॉक का हिस्सा होने के बावजूद, कांग्रेस या किसी भी सहयोगी दल के साथ गठबंधन की कोई चर्चा शुरू नहीं की है। इसी बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार के आवास पर पश्चिम बंगाल के सांसदों के साथ



बैठक की और उनकी चिंताओं का समाधान किया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले हुई इस रणनीतिक बैठक में भाजपा सांसद राजू बिस्टा ने बताया कि नितिन नबीन ने सांसदों को मार्गदर्शन दिया और उनकी समस्याओं पर चर्चा की। राजू बिस्टा ने पत्रकारों को बताया कि पश्चिम बंगाल के हमारे सभी सांसद, लोकसभा और राज्यसभा के सांसद, और यहां तक कि पहली बार चुने गए सांसद भी मौजूद थे। हमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ दो घंटे से अधिक समय बिताने और अपनी चिंताओं पर चर्चा करने का अवसर मिला। यह पूरी तरह से एक संगठनात्मक बैठक थी, और उनसे हमारी यह पहली मुलाकात थी, इसलिए हमें कई सुझाव और मार्गदर्शन प्राप्त हुए।

यही कारण है कि मैं भारतीय जनता पार्टी को अन्य पार्टियों से अलग मानता हूं। हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष से पारिवारिक माहौल में मुलाकात की, और सभी सांसदों ने अपनी-अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। भाजपा, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के खिलाफ एक हाई-वोल्टेज मुकाबले में चुनाव लड़ने के लिए तैयार है।

## बिहार में अब नहीं बजेंगे डबल मीनिंग वाले गाने, सम्राट चौधरी का निर्देश, अब सीधे होगी एफआईआर

**बिहार एजेंसी:** बिहार के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य भर में सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील और आपत्तिजनक गीतों को बजाने के खिलाफ पुलिस को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निर्देश के अनुसार, बसों, ट्रकों, ऑटो-रिक्शा या सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील या आपत्तिजनक गीत बजाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी, चाहे वह भोजपुरी, मगही, मैथिली या किसी अन्य भाषा में हो। सम्राट चौधरी ने अश्लील और दोहरे अर्थ वाले गानों के प्रसारण पर रोक लगाने के लिए सभी जिलों में विशेष अभियान चलाने और ऐसे मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट और सख्त लहजे में कहा है कॉ सार्वजनिक स्थानों, समारोहों और वाहनों में इस तरह के गानों का प्रसारण किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सस्ते दोहरे अर्थ वाले और अश्लील गाने समाज के लिए गंभीर समस्या बन चुके हैं। सार्वजनिक स्थानों और वाहनों में ऐसे गानों के प्रसारण से महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा प्रभावित होती है तथा वे असहज महसूस करती हैं। चौधरी ने कहा कि इस तरह के गाने बच्चों की सोच पर भी गलत असर डालते हैं। यह एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। चौधरी ने कहा कि सरकार महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि वह अश्लील और दोहरे अर्थ वाले गानों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करे। होली पर्व पर भी सभी जिलों में विशेष अभियान चलाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अभियान के दौरान

## सस्ता सफर और जीरो कमीशन ! अमित शाह ने लॉन्च की भारत टैक्सी, सर्ज प्राइसिंग से मिलेगी मुक्ति

**नई दिल्ली एजेंसी:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को भारत टैक्सी का शुभारंभ किया। यह एक सहकारी स्वामित्व वाला प्लेटफॉर्म है जो ड्राइवरों को मालिक की तरह काम करने की सुविधा देता है, जिससे कमीशन शून्य हो जाता है और कीमतों में अचानक होने वाली बढ़ोतरी (सर्ज प्राइसिंग) समाप्त हो जाती है। इस सेवा का उद्देश्य उबर और ओला जैसे ऐप्स को टक्कर देना है। सहकारिता मंत्रालय ने भारत टैक्सी को परिवहन क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल बताया है, जो ड्राइवरों (जिन्हें सारथी कहा जाता है) को स्वामित्व, संचालन और मूल्य सृजन के केंद्र में रखती है, जिससे वे शोषणकारी एग्रीगेटर-आधारित मॉडलों से मुक्त हो जाते हैं। लॉन्च कार्यक्रम में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि भारत टैक्सी सेवा टैक्सी चालकों के लिए बड़ी सुविधा प्रदान करेगी और उन्होंने कहा कि टैक्सी क्षेत्र में औपचारिक रूप से सरकार नहीं, बल्कि सहकार



प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली में प्रत्येक सारथी चालक टैक्सी का मालिक होगा और यह ढांचा एक क्रांतिकारी आर्थिक परिवर्तन लाएगा। गुजरात के अमूल की तरह, यह विश्व में अपनी तरह का एक अनूठा सहकारी मॉडल है। आपकी टैक्सी के पहिए सारथी समुदाय के लाभ के लिए चलेंगे - यही सहकारिता की भावना है। शाह ने आगे बताया कि भारत टैक्सी की परिकल्पना एक एकीकृत परिवहन मंच के रूप में की गई है जो दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहन उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी सारथी दीदी महिला यात्रियों और चालकों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि टैक्सी सेवा तीन वर्षों में शुरू हो जाएगी और सरकार प्लेटफॉर्म द्वारा अर्जित राजस्व का 20% हिस्सा लेगी, जबकि शेष राशि प्रत्येक सारथी के खाते में स्थानांतरित कर दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि अब तक, किराया पहले कंपनी के खाते में जमा किया जाता था और कमीशन काटा जाता था। यह प्रणाली अब समाप्त होती है। भारत टैक्सी शून्य कमीशन लेगी। एक प्रतिशत भी नहीं। उन्होंने कहा, सभी भुगतान सीधे ग्राहक से सारथी के खाते में स्थानांतरित किए जाएंगे

# लोकसभा के बाद राज्य सभा में भी जोरदार हंगामा, खड़गे और नड्डा के बीच तीखी झड़प

**नई दिल्ली एजेंसी:** गुरुवार को राज्यसभा में उस समय गरमागरम माहौल देखने को मिला जब विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा संसदीय प्रक्रिया को लेकर एक-दूसरे से तीखी बहस में उलझ गए। यह घटना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा भाषण के बाधित होने के एक दिन बाद हुई। दोनों नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक तब शुरू हुई जब खरगे ने संसद में राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बोलने पर लगाए जा रहे प्रतिबंधों पर आपत्ति जताई। लोकसभा में हुई बाधा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि निचले सदन में कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बोलने की अनुमति नहीं दी गई, जिस पर नड्डा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। खरगे ने पूछा कि संसद का अर्थ लोकसभा और राज्यसभा दोनों है। लोकसभा में विपक्ष के नेता देश के हितों पर बोलना चाहते थे, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया गया। इस तरह सदन कैसे चलाया जा सकता है? राज्यसभा में सदन के नेता नड्डा ने कड़ा जवाब देते हुए इस आरोप को खारिज कर दिया और सदन को संसदीय परंपराओं की याद दिलाई। लोकसभा में राहुल गांधी को बोलने न देने का मुद्दा उठाने पर नड्डा ने राज्यसभा में



कहा कि लोकसभा की कार्यवाही पर राज्यसभा में चर्चा नहीं की जा सकती, मेरे सम्मानित सहकर्मी को यह बात पता होनी चाहिए। नड्डा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसी भी विषय पर चर्चा करने के लिए हमेशा तत्पर है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में किसी भी प्रश्न का उत्तर

**सीएम धामी ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने और विकसित भारत बनाने का आधार है। इसका उद्देश्य भारत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना, आने वाले समय में देश को तीन प्रमुख आर्थिक महाशक्तियों में शामिल करना और सभी वर्गों के समग्र**

देने के लिए हमेशा तैयार हैं, लेकिन विपक्ष सदन की कार्यवाही को आगे नहीं बढ़ने दे रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्ष के अनुरोध पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौतों पर बयान दिया है। खरगे ने आगे आरोप लगाया कि भाजपा लोगों को बोलने नहीं देती, और कहा कि पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी को जंजीरों में जकड़ रखा है, उन्हें बोलने नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल के लोग बंधुआ मजदूर हैं। विपक्ष सत्ताधारी दल की तरह दूसरों को गाली-गलौज या अपशब्द नहीं कहता। मैं बता रहा हूं कि कैसे जनता को बोलने न देकर जनता को कुचल रही है। बहस तेज होते देख वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हस्तक्षेप करते हुए मांग की कि खरगे द्वारा इस्तेमाल किया गया शब्द "लिंच" रिकॉर्ड से हटा दिया जाए। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी इस मामले में दखल देते हुए बजट सत्र के दौरान बार-बार हो रही बाधाओं के बीच सदन के नियमों और परंपराओं का पालन करने का आग्रह किया। रिजिजू ने कहा कि आज सभी सांसद नियमों और परंपराओं के पालन की उम्मीद कर रहे हैं। सभी राज्यसभा में प्रधानमंत्री का भाषण सुनने का इंतजार कर रहे हैं। अगर कांग्रेस प्रधानमंत्री का भाषण नहीं सुनना चाहती, तो यह उसकी मर्जी है, लेकिन अन्य सदस्य सुनना चाहते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सदन के नियमों का पालन नहीं किया।

# संपादकीय

## रणनीतिक शक्ति अभाव का शिकार

आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा चुनौतियों के बरक्स राज्य को अलग ढंग से संगठित एवं सक्षम बनना होगा। साथ ही कॉरपोरेट सेक्टर को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी। परंतु ऐसा कैसे और कब होगा, असल मुद्दा यह है। साल 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने माना है कि भारतीय रुपया बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच रणनीतिक शक्ति के अभाव का शिकार बना है। 2025 में रुपये की तुलना में डॉलर छह प्रतिशत महंगा हुआ। ऐसा उस समय हुआ, जब खुद डॉलर का भाव प्रमुख मुद्राओं (यूरो, येन, स्विस फ्रैंक आदि) के बास्केट की तुलना में करीब 11 फीसदी गिरा। केंद्र के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन की देखरेख में तैयार सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में व्यापार लाभ और विदेश स्थित भारतीयों की तरफ से कमा कर भेजी गई रकम रुपये को सहारा देने में नाकाफी साबित हुए हैं। ये चालू खाता के घाटे की भरपाई नहीं कर पाए। जो देश ऐसे घाटे में हैं, उनकी मुद्राओं की कमजोरी खासकर भू-राजनीतिक बदलाव के दौर अधिक उभर कर सामने आई है। दूसरी तरफ जिन देशों ने मैनुफैक्चरिंग का मजबूत आधार तैयार किया, उनकी मुद्राएं स्थिर और मजबूत बनी हुई हैं। मगर इस बिंदु पर भारत की मौजूदा कमजोरी का ठोस जायजा पेश करने के बजाय रिपोर्ट अतीत की आड़ लेती मालूम पड़ी है। कहा है कि मैनुफैक्चरिंग में मजबूत देशों ने इसका आधार तब तैयार किया, जब परिस्थितियां अनुकूल थीँ। यह मुद्दा प्रासंगिक है कि उस दौर में भारत ऐसा आधार तैयार करने से क्यों चूक गया। मगर यह प्रश्न भी उतना ही उचित है कि क्या उसका रोना रोते रहना समाधान है? यह अच्छी बात है कि रिपोर्ट में सरकार की भूमिका पर जोर दिया गया है। कहा गया है कि मौजूदा सवालों का जवाब ढूंढने के लिए राज्य को अलग ढंग से संगठित एवं सक्षम बनना होगा। साथ ही कॉरपोरेट सेक्टर को उसमें बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी। परंतु ऐसा कैसे और कब होगा, असल मुद्दा यह है। जिन भू-राजनीतिक बदलावों की बात की गई है, वे अब ठोस शक्ल ले रही हैं। मगर ऐसा होने के संकेत कई वर्षों से मिल रहे थे। उस समय दूरदृष्टि दिखाई गई होती, तो वर्तमान चुनौतियों का बेहतर मुकाबला किया जा सकता था। दुर्भाग्यपूर्ण है कि नीति-निर्माण के सर्वोच्च स्तर अब भी उसका अभाव ही नजर आता है।

### चिंतन-मनन

## मन की शक्ति

मन को जीवन का केंद्रबिंदु कहना असंभव नहीं है। मनुष्य की क्रियाओं, आचरणों का प्रारंभ मन से ही होता है। मन तरह-तरह के संकल्प, कल्पनाएं करता है। जिस ओर उसका रुझान हो जाता है उसी ओर मनुष्य की सारी गतिविधियां चल पड़ती है। जैसी कल्पना हो उसी के अनुरूप प्रयास-पुरुषार्थ एवं उसी के अनुसार फल सामने आने लगते हैं। मन जिधर रस लेने लगे उसमें लौकिक लाभ या हानि का बहुत महत्व नहीं रह जाता। प्रिय लगने वाले के लिए सब कुछ खो देने और बड़े से बड़े कष्ट सहने को भी मनुष्य सहज ही तैयार हो जाता है। मन यदि अच्छी दिशा में मुड़ जाए; आत्मसुधार, आत्मनिर्माण और आत्मविकास में रुचि लेने लगे तो जीवन में एक चमत्कार हो सकता है। सामान्य श्रेणी का मनुष्य भी महापुरुषों की श्रेणी में आसानी से पहुंच सकता है। सारी कठिनाई मन को अनुपयुक्त दिशा से उपयुक्त दिशा में मोड़ने की ही है। इस समस्या के हल होने पर मनुष्य सच्चे अर्थ में मनुष्य बनता हुआ देवत्व के लक्ष्य तक सुविधापूर्वक पहुंच सकता है। शरीर के प्रति कर्तव्य पालन करने की तरह मन के प्रति भी हमें अपने उत्तरदायित्वों को पूर्ण करना चाहिए। कुविचारों और दुर्भावनाओं से मन गंदा, मलिन और पतित होता है, अपनी सभी विशेषता और श्रेष्ठताओं को खो देता है। इस स्थिति से सतर्क रहने और बचने की आवश्यकता का अनुभव करना हमारा पवित्र कर्तव्य है। मन को सही दिशा देते रहने के लिए स्वाध्याय की वैसी ही आवश्यकता है जैसे शरीर को भोजन देने की। आत्मनिर्माण करने वाली जीवन की समस्याओं को सही ढंग से सुलझाने वाली उत्कृष्ट विचारधारा की पुस्तकें पूरे ध्यान, मनन और चिंतन के साथ पढ़ते रहना ही स्वाध्याय है। यदि सुलझे हुए विचारों के जीवन विद्या के ज्ञाता कोई संभ्रांत सज्जन उपलब्ध हो सकते हों तो उनका सत्संग भी उपयोगी सिद्ध हो सकता है। मन का स्वभाव बालक जैसा होता है, उमंग से भरकर वह कुछ न कुछ करना-बोलना चाहता है। यदि दिशा न दी जाए तो उसकी क्रियाशीलता तोड़-फोड़ एवं गाली-गलौज के रूप में भी सामने आ सकती है।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# बैंकों में 3.4 लाख करोड़ का सोना गिरवी, बैंकों का जोखिम बढ़ा



सनत कुमार जैन

सोने की कीमतों में गिरावट से बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों की चिंता बढ़ गई है। देश में गोल्ड लोन का चलन बढ़ता जा रहा है। लोग अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए सोना गिरवी रखकर लोन ले रहे हैं। हाल ही में सोने की कीमतों में तेज वृद्धि और उसके बाद तेजी के साथ दामों में गिरावट ने बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों की ऋण व्यवस्था के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में करीब 9 करोड़ लोगों ने सोना गिरवी रख कर बैंकों और वित्तीय संस्थानों से कर्ज लिया है। जिसके चलते लगभग 3.4 लाख करोड़ रुपये मूल्य का सोना बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं के पास गिरवी रखा हुआ है। सोने के दाम में हालिया गिरावट ने इस पूरे तंत्र को हिला दिया है। बैंक और वित्तीय संस्थान सोने की कीमत का 75 फीसदी से 90 फीसदी तक फाइनेंस कर देते हैं। ऋण देने के जो नियम बना रखे हैं उसके अनुसार यदि दाम घटते हैं तो ऐसी स्थिति में ऋणधारक को ब्याज की मार्जिन मनी चुकानी पड़ती है। यदि वह मार्जिन नहीं दे पता है तो ऐसी स्थिति में बैंक और वित्तीय संस्थानों को अधिकार है कि वह सोने की नीलामी करके अपना पैसा वसूल कर लें। बीते वर्षों में सोने की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण गोल्ड लोन को सुरक्षित कर्ज मानते हुए बैंकों ने बड़े पैमाने पर सोने पर कर्ज को बढ़ावा दिया है। लोगों ने भी बढ़ी हुई कीमतों का फायदा उठाकर ज्यादा कर्ज लिया। कई मामलों में टॉप-अप लोन भी प्राप्त किया है। अब सोने के दाम अप्रत्याशित रूप से घटने के कारण गिरवी रखे गए सोने का मूल्य कम हो गया है। कर्ज की राशि से सोने की कीमत कम हो गई है। ऐसी स्थिति में बैंकों द्वारा कर्जदारों से मार्जिन मनी जमा करने या अतिरिक्त सोना गिरवी रखने का दबाव बढ़ाया जा रहा है। समस्या यह है, गोल्ड लोन लेने वाले अधिकतर लोग आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उनके पास ब्याज और मार्जिन मनी के रूप में जमा करने के लिए अतिरिक्त नकदी नहीं है। जिससे वह वित्तीय संस्थान द्वारा मांगी गई मार्जिन मनी को जमा कर सकें। अर्थ विशेषज्ञों का कहना है, अगर कर्ज न चुकाने की स्थिति में बड़े पैमाने पर वित्तीय संस्थाओं द्वारा सोने की नीलामी की जाएगी। ऐसी स्थिति में तो बाजार में सोने की आपूर्ति बढ़ेगी। जिससे सोने की कीमतों में और भी बड़ी गिरावट आ सकती है। इससे बैंकों और वित्तीय संस्थाओं का घाटा बढ़ सकता है। इसका असर बैलेंस शीट पर भी पड़ेगा। सोने और चांदी की कीमतों में जिस तरह की तेजी और मंदी देखने को मिल रही है, उसने वित्तीय संस्थानों की चिंता को बढ़ा दिया है। शेयर बाजार में भी लगातार गिरावट का दौर चला। जिसके कारण वित्तीय संस्थानों को शेयर बाजार में भी बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। बाजार में उपभोक्ता के पास खर्च करने के लिए पैसा नहीं है। जिसके कारण बाजार में मांग घट रही है। नौकरी और रोजगार पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और अन्य बैंक इस स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। अर्थ विशेषज्ञों के अनुसार, अगर सोने की कीमतों में तेज गिरावट जारी रहती है तो यह संकट बैंकिंग व्यवस्था के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन सकता है। पिछले कुछ वर्षों से सोना गिरवी रखने में 75 से 90 फीसदी तक लोन गिरवी रखने वालों को दिया जाता था। बड़े पैमाने पर लोगों द्वारा सोने पर लोन लिया गया है। सोने में लिए गए ऋण का असर 9 करोड़ परिवारों पर सीधे रूप से देखने को मिल रहा है। जिस मध्यम वर्ग के पास सोना है, वह अपनी जरूरतें सोना गिरवी रखकर पूरी कर रहा था। देश की अर्थव्यवस्था में मध्यम वर्ग के ऊपर कितना दबाव है, यह उसे दर्शा रहा है। वर्तमान आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं होने की दशा में बाजार में मांग घटेगी। आने वाले समय में इसका असर रोजगार और व्यवसाय पर पड़ेगा। देश को आर्थिक मंदी का शिकार होना पड़ सकता है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के ऊपर भी भारी कर्ज है। रिजर्व बैंक और राष्ट्रीयकृत बैंकों के पास पर्याप्त नगदी की उपलब्धता नहीं है। इसको देखते हुए रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय की चिंता बढ़ गई है। सोने एवं चांदी में कर्ज किस मानक से दिया जाए, इसके लिए वित्तीय संस्थान चिंतन कर रहे हैं। वित्तीय संस्थाओं का



3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा सोने के ऋण में फंसा हुआ है। शेयर बाजार में जिस तरीके के उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं, उसने भी रिजर्व बैंक की चिंता को बढ़ा दिया है। अर्थव्यवस्था को बचाए रखने के लिए रिजर्व बैंक अर्थशास्त्रियों के साथ मिलकर बदली हुई परिस्थितियों का मुकाबला किस तरह से किया जाए। किस तरह के नियम तैयार किए जाएं। जिसे भारतीय अर्थव्यवस्था आर्थिक मंदी का शिकार होने से बचे। सरकार और रिजर्व बैंक को इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

# सोशल मीडिया: संवाद का माध्यम या निजता का संकट?



सुनील कुमार महला

आज संचार क्रांति का युग है।हर कोई सोशल मीडिया,एआइ का प्रयोग कर रहा है। आधुनिक दौर में सोशल मीडिया ने हमारे अनेक कार्यों को आसान और सरल बनाया है। दूसरे शब्दों में कहें तो सोशल मीडिया ने संवाद को जितना सरल और व्यापक बनाया है, उतना ही जटिल निजता का प्रश्न भी खड़ा कर दिया है। आज व्यक्ति अपने जीवन के निजी क्षण-तस्वीरें,रील बनाकर अपने विचार, स्थान और दिनचर्या स्वेच्छा से सार्वजनिक मंचों पर साझा कर रहा है। यह सब आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर साझा करना कभी-कभी आत्म-अभिव्यक्ति का माध्यम होता है, तो कई बार अनजाने में अपनी निजता को जोखिम में डालने का कारण बन जाता है। 'लाइक' और 'व्यू' की होड़ में निजी सीमाएँ धुंधली होती जा रही हैं। यहां यदि हम सरल शब्दों में कहें तो आज के समय में तकनीक हमारी ज़िंदगी की पल-पल की अहम् व महत्वपूर्ण जरूरत बन चुकी है। मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने काम आसान और तेज कर दिए हैं, लेकिन इसके साथ एक बड़ा खतरा भी जुड़ा है-निजता का खतरा। आज के समय में अधिकांश लोगों के पास स्मार्टफोन है और वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि ऐप या प्लेटफॉर्म पर साइन-अप करते समय जो निजी




जानकारी वे देते हैं, उसका गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। कई बार यह जानकारी हमारी अनुमति के बिना किसी और को दी जा सकती है। बहरहाल,यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारत ही नहीं आज संपूर्ण विश्व स्तर पर स्मार्टफोन उपयोग तेजी से सर्वव्यापी हो चुका है। 2025 के आसपास उपलब्ध ताजा वैश्विक अनुमानों के अनुसार दुनिया में लगभग 6.8-7.1अरब लोग स्मार्टफोन का उपयोग कर रहे हैं, जबकि सक्रिय स्मार्टफोन डिवाइसों की संख्या 7 अरब से अधिक मानी जाती है, क्योंकि कई उपयोगकताओं के पास एक से अधिक फोन हैं। इसका अर्थ यह है कि वैश्विक आबादी का करीब 85-90 प्रतिशत हिस्सा किसी न किसी रूप में स्मार्टफोन से जुड़ चुका है। यदि हम यहां पर भारत की बात करें तो देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार बन चुका है।साल 2024-2025 के आंकड़ों के अनुसार भारत में स्मार्टफोन उपयोगकताओं की संख्या लगभग 65-70 करोड़ (650-700 मिलियन) है, जो कुल जनसंख्या का करीब 45-50 प्रतिशत बैठती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और 4जी/5जी नेटवर्क के विस्तार के कारण यह संख्या तेजी से बढ़ रही है और विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार 2026 तक भारत में स्मार्टफोन उपयोगकर्ता 100 करोड़ के आसपास पहुँच सकते हैं। इस क्रम में यहां यह गौरतलब है कि एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मेटा और व्हाट्सऐप को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने साफ कहा कि कोई भी कंपनी नागरिकों की निजी जानकारी के साथ मनमानी नहीं कर सकती और निजता के अधिकार से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज का जमाना डिजिटल है और इस डिजिटल युग में आज मोबाइल नंबर, बैंक खाता, आधार जैसी जगहों पर हमें अपनी निजी और कभी-कभी बायोमेट्रिक जानकारी भी देनी पड़ती है। अगर यह जानकारी गलत हाथों में चली जाए, तो बड़ा नुकसान हो सकता है। समस्या यह भी है कि यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि हमारी जानकारी आखिर कहां-कहां पहुंच चुकी है।सोशल मीडिया पर भी यही खतरा रहता है, क्योंकि ज्यादातर लोग नियम और शर्तें पढ़े बिना ही 'सहमति' दे देते हैं। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में यह बात कही कि ये शर्तें इतनी जटिल भाषा में लिखी जाती हैं कि आम आदमी उन्हें समझ ही नहीं पाता। इसे निजी जानकारी चुराने का एक सभ्य तरीका कहा गया, जिसे मंजूरी नहीं दी जा सकती। माननीय कोर्ट ने यह भी कहा कि सुरक्षा और पहचान के नाम पर जानकारी लेना ठीक है, लेकिन जो लोग निजता के अधिकार का उल्लंघन करते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ता की गतिविधियों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं-क्या देखा, क्या पसंद किया, कहाँ गए और इस डेटा का उपयोग विज्ञापन, प्रोफाइलिंग और कभी-कभी राजनीतिक या व्यावसायिक हितों के लिए किया जाता है। वास्तव में, डेटा लीक, अनधिकृत ट्रैकिंग और फेक प्रोफाइल जैसी समस्याएँ निजता के हनन को और गंभीर बनाती हैं। परिणामस्वरूप व्यक्ति की पहचान, सुरक्षा और स्वतंत्रता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। निजता का हनन केवल तकनीकी नहीं, सामाजिक समस्या भी है। बिना अनुमति तस्वीरें साझा करना, ट्रोलिंग, साइबर स्टॉकिंग और ऑनलाइन बदनामी मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। बच्चों और किशोरों के लिए यह खतरा और बड़ा है, क्योंकि वे डिजिटल जोखिमों को समझे बिना ही ऑनलाइन सक्रिय हो जाते हैं।इस चुनौती का समाधान बहुस्तरीय है। एक ओर सशक्त डेटा संरक्षण कानून, पारदर्शी प्लेटफॉर्म नीतियाँ और कड़ी जवाबदेही आवश्यक है; दूसरी ओर डिजिटल साक्षरता और व्यक्तिगत सावधानी भी उतनी ही जरूरी है-मजबूत पासवर्ड, गोपनीयता सेटिंग्स, सीमित साझा करना और अनुमति की संस्कृति। सोशल मीडिया का विवेकपूर्ण उपयोग ही निजता और अभिव्यक्ति के बीच संतुलन स्थापित कर सकता है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता: मोदी नेतृत्व की वैश्विक दृढ़ता

अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार के परिदृश्य में कोई भी समझौता केवल आंकड़ों या कर-प्रतिशतों तक सीमित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, नेतृत्व की दृढ़ता और भविष्य की दिशा का भी संकेतक होता है। भारत और अमेरिका के बीच हालिया व्यापारिक सहमति, जिसके अंतर्गत प्रस्तावित 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है, इसी दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी घटना है। यह निर्णय केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन और भारत की बढ़ती सौदेबाजी क्षमता का प्रमाण है। यहां ह्लदेर आए, दुरुस्त आएह्व की कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है। जब अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर ऊँचे टैरिफ का दबाव बनाया गया था, तब यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था को अंततः झुकना पड़ेगा। वैश्विक व्यापार का हालिया इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि बड़ी शक्तियां अक्सर दबाव की राजनीति के माध्यम से अपने हित साधती हैं। किंतु फरवरी 2025 में आरंभ हुई इस व्यापारिक प्रक्रिया का फरवरी 2026 में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना यह दशार्ता है कि भारत ने न तो जल्दबाजी दिखाई और न ही अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किया। भारत ने समय लिया, परिस्थितियों का मूल्यांकन किया और अंततः संतुलित व सम्मानजनक परिणाम प्राप्त किया।

50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की टैरिफ कटौती का तात्कालिक प्रभाव व्यापारिक जगत और शेयर बाजार में दिखाई दिया। निवेशकों का भरोसा लौटा, निर्यातकों को राहत मिली और बाजार में सकारात्मक संकेत उभरे। किंतु इस निर्णय का वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक व्यापक है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि भारत अब केवल नियमों का पालन करने वाला देश नहीं, बल्कि नियमों के निर्माण और पुनर्परिभाषा में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने वाला राष्ट्र बन चुका है। अमेरिका जैसी महाशक्ति का अपने रुख में नरमी लाना भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक धैर्य और राजनीतिक आत्मविश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसमें संवाद है, पर दबाव के आगे समर्पण नहीं। चाहे वह रक्षा सहयोग हो, ऊर्जा सुरक्षा हो या व्यापारिक समझौते-हर क्षेत्र में भारत ने अपने हितों को केंद्र में रखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया है। इस व्यापारिक डील में भी भारत ने बिना झुके, बिना रुके और बिना कमजोर पड़े अपनी शर्तें स्पष्ट रूप से रखीं। यही कारण है कि अंततः अमेरिका को अपने प्रस्तावों में संशोधन करना पड़ा। यह केवल एक व्यापारिक जीत नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता और नेतृत्व की दृढ़ता का उदाहरण है। इस समझौते से भारतीय



उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में एक उन्नत स्थिति प्राप्त होगी। कम टैरिफ का अर्थ है कि भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे, उनकी पहुंच बढ़ेगी और ह्लमेक इन इंडियाह्व को नया प्रोत्साहन मिलेगा। टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, कृषि-आधारित उत्पाद और उभरते तकनीकी क्षेत्र-सभी को इससे दीर्घकालिक लाभ होने की संभावना है। भारत अब केवल सस्ता श्रम या कच्चा माल उपलब्ध कराने वाला देश नहीं, बल्कि मूल्यवर्धित उत्पादन और नवाचार की दिशा में अग्रसर अर्थव्यवस्था बनता जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसदीय दल की बैठक में जिस संयम और आत्मविश्वास के साथ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को ह्लनिरंतर धैर्य का परिणामह्व बताया, वह उनकी कूटनीतिक शैली का सार है। यह समझौता किसी अचानक हुए घटनाक्रम का नतीजा नहीं, बल्कि एक वर्ष तक चली रणनीतिक प्रतीक्षा, विकल्पों के विस्तार और संतुलित संवाद का परिणाम है। मोदी ने स्पष्ट संकेत दिया कि सरकार ने विपक्ष की आलोचनाओं और तात्कालिक दबावों के बावजूद धैर्य नहीं छोड़ा, क्योंकि वैश्विक व्यापार और भू-राजनीति में जल्दबाजी अक्सर महंगी पड़ती है। अमेरिका का झुकना किसी भावनात्मक मित्रता का परिणाम नहीं, बल्कि ठोस रणनीतिक विवशता का नतीजा है। बीते एक वर्ष में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसके पास विकल्प हैं-रूस के साथ ऊर्जा सहयोग, यूरोपीय संघ के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी बढ़ती भूमिका।

यदि वाशिंगटन भारत पर एकतरफा दबाव बनाए रखता, तो अमेरिकी कंपनियां दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बड़े बाजार से बाहर हो जातीं। ट्रंप द्वारा 500 अरब डॉलर के आयात, शून्य टैरिफ और रूसी तेल त्यागने जैसे नाटकीय दावे इसी दबाव की राजनीति का हिस्सा थे, जिन्हें भारत ने न तो सार्वजनिक टकराव का मुद्दा बनाया और न ही स्वीकारोक्ति दी। मोदी का इन पर मौन यह दशार्ता है कि भारत इस घटनाक्रम को अंतिम समझौते के रूप में नहीं, बल्कि दिशा-निर्धारण के रूप में देख रहा है। इसके विपरीत, भारतीय विपक्ष इस पूरे प्रकरण में अपनी राजनीतिक अधीरता और रणनीतिक अपरिपक्वता को उजागर करता रहा। उसने टैरिफ को लेकर तात्कालिक लाभ-हानि की भाषा में सरकार को घेरने की कोशिश की, जबकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार वाताएं समय, धैर्य और बहुस्तरीय गणनाओं की मांग करती हैं। विपक्ष यह समझने में असफल रहा कि कूटनीति में कभी-कभी पीछे हटना नहीं, बल्कि प्रतीक्षा करना ही सबसे बड़ा कदम होता है। आज जब अमेरिका को अपना अड़ियल रुख छोड़ना पड़ा है और भारत फिर से वैश्विक प्रतिस्पर्धा की अग्रिम पंक्ति में खड़ा दिख रहा है, तब यह स्पष्ट है कि मोदी की नीति न केवल दबाव से मुक्त थी, बल्कि दूरदर्शी भी। यही नीति भारत को एक आत्मविश्वासी, प्रभावशाली और सौदे की शर्तें तय करने वाली शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है।

इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह वैश्विक व्यापार में दबाव आधारित राजनीति के अंत का संकेत देता है। लंबे समय से बड़ी अर्थव्यवस्थाएं टैरिफ, प्रतिबंध और नीतिगत दबावों के माध्यम से छोटे या उभरते देशों को अपनी शर्तें मानने के लिए विवश करती रही हैं। भारत ने इस प्रवृत्ति को न केवल चुनौती दी, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि आत्मविश्वास, आर्थिक क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर किसी भी दबाव को संतुलित संवाद में बदला जा सकता है। भारत-अमेरिका संबंधों के संदर्भ में यह समझौता एक नए राजनीतिक आभामंडल के निर्माण का भी संकेत देता है। यह संबंध अब केवल रणनीतिक या सामरिक सहयोग तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आर्थिक साझेदारी के एक नए स्तर की ओर बढ़ रहा है। इसका प्रभाव केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक राजनीति में बहुध्रूवीय व्यवस्था को और अधिक मजबूती देगा। दुनिया धीरे-धीरे यह स्वीकार कर रही है कि भविष्य का नेतृत्व किसी एक शक्ति के हाथ में नहीं, बल्कि संतुलित साझेदारियों के माध्यम से उभरेगा, और भारत उसमें एक केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

इस व्यापारिक प्रगति से मोदी सरकार की अंतरराष्ट्रीय साख में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह साख किसी प्रचार या दावे पर नहीं, बल्कि ठोस परिणामों पर आधारित है। भारत आज विश्व मंच पर एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक स्थिरता और सहयोग में भी सकारात्मक भूमिका निभाता है। यही संतुलन उसे अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं से अलग पहचान देता है। महाशक्ति बनने की भारत की यात्रा भावनात्मक नारों पर नहीं, बल्कि आर्थिक आंकड़ों, रणनीतिक समझौतों और वैश्विक स्वीकार्यता पर आधारित है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, और इस प्रकार के व्यापारिक समझौते उस यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि भारत को आगे बढ़ने से रोक पाना अब किसी के लिए आसान नहीं है। निश्चित तौर पर यह व्यापारिक समझौता भारत की परिपक्व कूटनीति और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार की दुनिया में कोई भी निर्णय केवल आर्थिक गणित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, आत्मसम्मान और नेतृत्व की परिपक्वता का भी प्रमाण होता है। देर से लिया गया सही निर्णय, जल्दबाजी में किए गए गलत समझौतों से कहीं अधिक मूल्यवान होता है। भारत ने धैर्य रखा, आत्मसम्मान बनाए रखा और अंततः अपने हितों के अनुरूप परिणाम हासिल किया। निश्चित ही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल सुरक्षित है, बल्कि आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर है और यह विश्वास ही उसे महाशक्ति बनने की उड़ान देता है।

# तहसील सभागार में राशन डीलरों संग एसडीएम ने की बैठक

## राशन डीलरों को मतदाता पुनरीक्षण व आयुष्मान कार्ड में सहयोग के दिए निर्देश,कहा किसानों के लिए फॉर्म रजिस्ट्री अनिवार्य

**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** गुरुवार को मंडी धनौरा तहसील सभागार में एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने राशन डीलरों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक में उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने अध्यक्षता करते हुए राशन डीलरों को सरकारी योजनाओं की क्रियान्वयन और निर्वाचन संबंधी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के कड़े निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण एवं किसानों के लिए फॉर्म रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया ,उन्होंने कहा कि किसानों के लिए फार्म रजिस्ट्री अनिवार्य रहेगी। बता दें कि एसडीएम विभा श्रीवास्तव



ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राशन डीलर सीधे तौर पर आम जनता और ग्रामीणों से जुड़े होते हैं। ऐसे में उनकी जिम्मेदारी है कि वे निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग करें। उन्होंने सभी डीलरों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पात्र लोगों के वोट बनवाने के कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और उन लोगों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा जिनके नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं।निर्वाचन कार्यों के साथ-साथ, एसडीएम ने कृषि विभाग की योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने राशन डीलरों से कहा कि वे अपने क्षेत्र के किसानों को फार्म रजिस्ट्री (डिजिटल क्रॉप सर्वे) कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे, इसके लिए फार्म रजिस्ट्री कराना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में एसआईआर के कार्य में और आयुष्मान कार्ड बनवाने में भी सहयोग करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त, राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने और अंत्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को समय पर राशन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।इस अवसर पर मुख्य रूप से गौरव शर्मा, पूर्ति निरीक्षक अमित कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय खाध अधिकारी राहुलदीप गुप्ता, मनीष कुमार, रमेश सैनी, विकास यादव, सुमित यादव, शयौनाथ सिंह, कामेश, कृपाल सिंह, राजवीर सिंह, सुधाकर, अभिनय कुमार और इस्तेखार समेत तहसील क्षेत्र के समस्त बीएलओ, राशन डीलर और सुपरवाइजर मौजूद रहे। एसडीएम ने अंत में चेतावनी दी कि जो भी राशन डीलर इन कार्यों में लापरवाही बरतेगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बहुउद्देशीय सहकारी समिति भदौरा पर भारत टैक्सी की शुरूआत का देखा गया लाइव प्रसारण

**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** सहकार आधारित राइड बुकिंग सेवाओं के नए युग की शुरूआत के रूप में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा भारत टैक्सी योजना का शुभारंभ किया गया। योजना के शुभारंभ के अवसर पर शाह ने योजना को भारत में सहकारी आधारित मोबिलिटी मॉडल को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्व पूर्ण पहल बताया। बहुउद्देशीय सहकारी समिति भदौरा पर कार्यक्रम को लाइव प्रसारण देखते समय उपस्थित सभापति कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि ड्राइवरों के



हितों को सर्वोपरि रखते हुए भारत टैक्सी एक ऐसा मंच लेकर आ रहा है जो ड्राइवरों को सशक्त बनाने का काम करेगा। इसके द्वारा उनको बेहतर कमाई पारदर्शी लाभ और बीमा जैसी सुरक्षा का लाभ प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर उपसभापति समर पाल सिंह, सचिव सोनू कुमार,कंप्यूटर सहायक टिंकू कुमार, राम सिंह, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम निधि गुप्ता वत्स ने किया सरस मेले का उद्धघाटन

**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के विकास भवन परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सरस मेले का उद्धघाटन जिला अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बड़े ही उत्साहपूर्वक किया। इस दौरान उनके साथ अमरोहा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद और मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र मौजूद रहे। इस मेले में राष्ट्रीय आजीविका मिशन ग्रामीण से जुड़े स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के 24 स्टाल लगाए गए हैं। मेले में लगे स्टालों पर खाद्य पदार्थ जैसी घर में प्रयोग होने वाली वस्तुएं जैसे शहद, देसी घी ,बेडशीट, मसाले, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, रेडीमेड गारमेंट ,घर में सजावट का सामान, मोबाइल रिपेयरिंग के उपकरण, फिनायल, हैंड वॉश, शैंपू ,डिटर्जेंट पाउडर, डिस्पोजल, प्लेट्स, जैसे विभिन्न उत्पाद शामिल हैं। बता दें कि उद्धाटन के बाद वहां उपस्थित अधिकारियों ने सभी स्टॉलों का




बारीकी से अवलोकन किया और उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदारी भी की। मेले के दौरान, समूहों से जुड़ी महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उनसे इन योजनाओं का लाभ उठाने के तरीके भी साझा किए गए। इस अवसर पर कई महिलाओं ने अपनी सफलता के अनुभव भी बताए।जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेला उनके उत्पादों की बिक्री के लिए एक नया बाजार और पहचान प्रदान करेगा। उन्होंने जोर दिया कि विकसित भारत के लिए महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जिसके तहत जनपद के सभी ब्लॉकों में दीदी मार्ट भी स्थापित किए गए हैं।जिलाधिकारी ने आगे कहा कि मेले का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की आजीविका बढ़ाना और उनके उत्पादों को उचित बाजार उपलब्ध कराना है। उन्होंने महिलाओं से उत्पादों की पैकेजिंग, शुद्धता और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। जिलाधिकारी ने उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आने के लिए प्रोत्साहित किया और आश्वासन दिया कि प्रशासन हरसंभव सहयोग के लिए तैयार है। उन्होंने आम जनता से भी मेले में आकर खरीदारी करने का आह्वान किया।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मेले में प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं से कहा कि स्वरोजगार से जुड़कर और दूसरों को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी उल्लेख किया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं से अन्य महिलाओं को भी समूह से जोड़ने तथा इसका लाभ उठाने का आग्रह किया।

# इल्म की रौशनी से रोशन हुआ अल्लीपुर भूड़ शर्की

## मदरसा इस्लामिया अहले सुन्नत मदीना तुल उलूम में जश्ने रिदाये पोशी व दस्तारबन्दी

**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** इल्म जब इखलास से सींचा जाए और तालीम जब तहजीब के साए में पले, तो नतीजा सिर्फ. कामयाबी नहीं बल्कि कौम की रहनुमाई बनता है। कुछ ऐसा ही मंजर मदरसा इस्लामिया अहले सुन्नत मदीना तुल उलूम में देखने को मिला, जहां अकीदत, इल्म और दुआओं से सजा जश्ने रिदाये पोशी व जश्ने दस्तारबन्दी का पुरनूर प्रोग्राम अंजाम पाया। इस मुबारक मौके पर अल्लीपुर भूड़ शर्की के आश मोहम्मद की चार बेटियों – फिजा फात्मा, मुस्कान फात्मा, अक्शा फात्मा और आयशा फात्मा – ने कि राअत-ए-कुरआन के मुकाम तक पहुंचकर कारी बनने का एजाज हासिल किया। इसके साथ ही हरयाना



गांव की अलीशा (पुत्री इस्तेकार) तथा हरयाना की ही बुशरा फात्मा और खुशबू फात्मा (पुत्री जमालुद्दीन, अल्लीपुर भूड़ शर्की) को भी कि राअत की मुकम्मल तालीम के बाद कारी का खिताब अता किया गया। इस इल्मी और रूहानी दस्तारबन्दी की रस्म आलिमा फाज़िला मुफि_तया उम्मुल बरा और आलिमा साजिया मतीन संभली के मुबारक हाथों से अदा हुई, जबकि इस पूरे प्रोग्राम की सरपरस्ती कारी इशरत उल्लाह रिजवी ने की। उनकी रहनुमाई और निगरानी में मदरसे ने बेटियों को सिर्फ. पढ़ाया नहीं, बल्कि उन्हें इल्म के साथ अदब, सब्र और अखलाक भी सिखाया। यह कामयाबी सिर्फ. बच्चियों की नहीं, बल्कि उन वालिदैन की है जिनकी परवरिश ने बेटियों को दुनिया की चकाचौंध से ऊपर उठाकर कुरआन की रौशनी से जोड़ा। मां-बाप की दुआओं, सब्र और कुबार्नी ने साबित कर दिया कि अगर नीयत साफ हो तो बेटियां भी कौम की पहचान बनती हैं। मदरसा इस्लामिया अहले सुन्नत मदीना तुल उलूम ने यह पैगाम दिया है कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि कौम की अमानत हैं। आज इन बेटियों ने न सिर्फ. अपने वालिदैन का सर फख्र से ऊंचा किया, बल्कि अल्लीपुर भूड़ शर्की और हरयाना गांव का नाम भी इल्म की तरक़्क़ी पर सुनहरे हर्फों में दर्ज कर दिया।

# पुलिस ने लकड़ी चोरी करने वाली गैंग के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जनपद न्यायालय भेजा

## चैकिंग के दौरान पकड़े गए चारों आरोपी,कब्जे से करीब 20,000 रु की लकड़ी व एक टाटा मैजिक बरामद

**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मंडी धनौरा पुलिस ने लकड़ी चोरी करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जनपद न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने एक महीने पहले पॉपुलर की लड़कियां चोरी की थी जिनके कब्जे से चोरी की लकड़ीयों सहित घटना में प्रयुक्त एक टाटा मैजिक बरामद किया गया है। बता दें कि गुरुवार को थाना मंडी धनौरा प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार की टीम गंगा पोषक पटरी के पास संदिग्ध वाहनों




की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर एक महिंद्रा छोटा हाथी को रोका। वाहन में सवार चार व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने उन्हें धर दबोचा।पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान मोसिम, शकील, मस्तान (तीनों निवासी ग्राम ड्योटी, थाना बछरायूं) और वसीम (निवासी मूढ़ा खादर, थाना नौगांवा सादात) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने करीब एक माह पूर्व रसूलपुर चौकी के पास जंगल से पॉपुलर के पेड़ काटकर लकड़ी चोरी की थी।बरामद लकड़ियों की अनुमानित कीमत लगभग 20,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में धारा 303(2) और 317(2) इठर के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।गिरफ्तार अभियुक्तों में से मस्तान और शकील का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। मस्तान पर गाजियाबाद और बछरायूं में चोरी व आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं, जबकि शकील पर भी पूर्व में संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस प्रशासन ने अन्य जनपदों से भी इनका विवरण मांगा है। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार, एस आई मोईन खान, उपनिरीक्षक गौरव चौधरी, हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार, कांस्टेबल धीरेंद्र सिंह, मानसिंह, सोनू कुमार और आमिर अली की मुख्य भूमिका रही।

# सुभासपा ने अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में लगातार बढ़ रही अवैध गतिविधियों को लेकर सुभासपाके जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में अवैध परिवहन, गैरकानूनी ऑटो संचालन, गौकशी, सट्टा कारोबार और सरकारी भूमि पर कब्जों को लेकर गहरी चिंता जताते हुए त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि अमरोहा से दिल्ली मार्ग पर बिना परमिट, फिटनेस और सुरक्षा मानकों के डग्गामार बसें धड़ल्ले से चलाई जा रही हैं। इन बसों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं जिससे यात्रियों की जान खतरे में पड़ रही है। साथ ही सरकार के राजस्व को भी भारी नुकसान हो रहा है। मांग की गई है कि परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन संयुक्त अभियान चलाकर ऐसे वाहनों का संचालन तत्काल बंद कराए। शहर में अवैध रूप से संचालित ऑटो-रिक्शाओं को भी यातायात अव्यवस्था का बड़ा कारण बताया गया है। बिना पंजीकरण और



परमिट चल रहे ऑटो से सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ज्ञापन में अवैध ऑटो जब्त करने और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। जनपद में हो रही अवैध गौकशी और पशु कटान की घटनाओं को सामाजिक सौहार्द के लिए गंभीर खतरा बताते हुए दोषियों के खिलाफ गैंगस्टर और एनएसए जैसी सख्त धाराओं में कार्रवाई की मांग की गई है। कहा गया है कि यदि समय रहते सख्ती नहीं की गई तो हालात और बिगड़ सकते हैं। इसके अलावा शहर में फल-फूल रहे अवैध सट्टा कारोबार पर भी नाराजगी जताई गई है। कहा गया कि सट्टा कारोबार युवा वर्ग को अपराध की ओर धकेल रहा है और कई परिवार आर्थिक रूप से तबाह हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन से इस अवैध धंधे को जड़ से खत्म करने की मांग की गई है। हसनपुर तहसील क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे वन विभाग की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों का मुद्दा भी उठाया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि इन कब्जों से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। प्रशासन और वन विभाग से संयुक्त कार्रवाई कर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो जनता में आक्रोश और बढ़ सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी कर जनहित में सख्त कदम उठाने की अपील की। ज्ञापन देने वालों में बलराज सिंह प्रजापति पूर्व प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश, सोनिया प्रजापति,आदेश अमरोही, अतिकुर रहमान जसवीर सिंह चौहान, डॉ जगत सिंह गुर्जर पदम सिंह जाटव मोहम्मद यूनुस सैफी प्रधान, सुमित चौधरी समर पाल सिंह सैनी, अतिकुर रहमान,चंद्रसेन खड़कवंशी नरेन्द्र कुमार राणा, दिनेशसैन मतलूब अहमद अंसारी,मोहम्मद शराफत नगर अध्यक्ष नोगामा मकबूल चौधरी प्रधान, मोहम्मद नाजिम सलमान, एहसान अली, विरासत हुसैन इरशाद हुसैन वाजिद अली इरफान अली मोहम्मद अली जुबैर अहमद विजेंदर, आश मोहम्मद जीशान,आदि सैकड़ों कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# बीएसए ने कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण, अनुपस्थित पर तलब किया स्पष्टीकरण

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरोहा के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गंगेश्वरी एवं कंपोजिट विद्यालय दढ़ियाल खादर का निरीक्षण किया गया । कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 100 के सापेक्ष 92 बालिकाएं उपस्थित मिली, विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। विद्यालय में सफाई हेतु निर्देशित किया गया तथा 100 प्रतिशत उपस्थिति हेतु निर्देशित किया गया । विद्यालय में छात्राओं के साथ बात की , विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं के बारे में खानपान




व्यवस्था,दैनिक उपयोग सामग्री एवं अन्य व्यवस्थाएं जानकारी दी गई सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। उसके उपरांत कंपोजिट विद्यालय दढ़ियाल खादर का निरीक्षण किया क्या विद्यालय में एक अध्यापक की उपस्थित थे तीन अध्यापक बीएलओ की ड्यूटी पर तथा दो अध्यापक प्रशिक्षण में गए थे। विद्यालय में खेल सामग्री का क्रय नहीं किया गया था, 26 जनवरी तक विद्यालय में पुताई का कार्य कराया जाना था जो अभी तक नहीं कराया गया था ।

विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा निपुण प्लस एप पर छात्रों का मूल्यांकन नहीं किया गया था इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करके स्पष्टीकरण जारी किया गया। अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा 5 दिवसीय समय की शिक्षा के अंतर्गत चल रहा है प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया जिसमें 50 के सापेक्ष 44 शिक्षक उपस्थित मिले 6 अध्यापक अनुपस्थित के लिए उनका स्पष्टीकरण जारी किया गया ।

# पीआरवी की तत्परता से बची घायल बाइक सवार की जान

**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में गुरुवार को समय लगभग 01:36 बजे, थाना अमरोहा देहात क्षेत्रान्तर्गत ढिल्लू पेट्रोल पम्प के पास, ग्राम उमरपुर में पीआरवी AMH-5355 अपने निर्धारित रूट पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात राहगीर द्वारा पीआरवी को सूचना दी गई कि कुछ दूरी पर सड़क दुर्घटना हो गई है। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल 112 जनपद नियंत्रण कक्ष को अवगत कराते हुए फील्ड इवेंट संख्या P050 226 09275 बनवाया गया तथा राहगीर की निशानदेही पर घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया। मौके पर एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति अत्यंत गंभीर अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला, जो कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं था।



घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए पीआरवी कर्मियों द्वारा एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना, मानवीय संवेदनशीलता व तत्परता दिखाते हुए उसे पीआरवी वाहन से जिला अस्पताल अमरोहा में भर्ती कराया गया, जिससे घायल को समय से उपचार मिल सका। पीआरवी कर्मियों की त्वरित, सूझबूझपूर्ण एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्यवाही से घायल व्यक्ति को समय रहते चिकित्सकीय सहायता मिल सकी, जिससे उसके जीवन की रक्षा संभव हो पाई। घटना की सूचना फोन द्वारा संबंधित थाना पुलिस एवं घायल के परिजनों को दे दी गई। मौके पर मौजूद नागरिकों द्वारा पीआरवी कर्मियों के इस सराहनीय कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई।

# अमरोहा पुलिस ने किया रूबी हत्याकांड का खुलासा, मुख्य आरोपी व उसका भाई गिरफ्तार

## आरोपी ने प्रेम संबंध टूटने के कारण की थी महिला की हत्या, वारदात में आरोपी का भाई भी शामिल

**अमरोहा/देहात (सब का सपना):-** पुलिस ने अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में हुई रूबी हत्याकांड की घटना का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित हत्या में शामिल उसके भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि इस घटना को आरोपीयों द्वारा बुधवार की दोपहर को अंजाम दिया गया था।पुलिस के अनुसार, आरोपी धीरज के मृतका रूबी से करीब चार साल से प्रेम संबंध थे। पिछले चार महीने से महिला ने आरोपी से बातचीत बंद कर दी थी। आरोपी धीरज महिला से बात करना चाहता था, लेकिन बात न करने पर उसने चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी।मृतका की पहचान गांव





निवासी दलित नरेंद्र कुमार की 35 वर्षीय पत्नी रूबी के रूप में हुई है। आरोपी धीरज (22) पड़ोस में रहने वाले बृजपाल का बेटा है और वाल्मीकि समाज से है। उसने अपने घर के आगे ही रूबी पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर हत्या कर दी थी और बाद में पड़ोस के घर में छिप गया था।घटना के बाद मृतका के परिजनों ने आरोपी के दो घरों में तोड़फोड़ की, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बन गई। स्थिति को देखते हुए एसपी सहित पांच थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। करीब छह घंटे की समझाइश के बाद गुस्साए लोगों को शांत कराकर शव को कब्जे में लिया गया।गुरुवार को अमरोहा के एसपी अमित कुमार आनंद ने इस हत्याकांड का पदार्फाश किया। उन्होंने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी धीरज और उसके सगे भाई नीरज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

# न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल का जनपद सम्भल में आगमन

## बाह्य न्यायालय का निरीक्षण, प्रदेश के पहले कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेंटर का उद्घाटन

**बहजोई/सम्भल(सब का सपना):-** प्रशासनिक न्यायमूर्ति, सम्भल न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल का गुरुवार को जनपद सम्भल में आगमन हुआ। इस अवसर पर उनके साथ जनपद सम्भल की जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह भी उपस्थित रहीं। दोनों अधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम बाह्य न्यायालय सम्भल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा उत्तर प्रदेश में पहली बार स्थापित किए गए कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह सराहनीय पहल न्यायिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं त्वरित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है, जिससे वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को बड़ी सुविधा



मिलेगी। इसके पश्चात प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा सम्भल में निर्मित प्री-फैब्रिकेटेड बा न्यायालय एवं कार्यालय भवन का भी उद्घाटन किया गया। यह व्यवस्था न्यायिक कार्यों के सुचारु संचालन एवं बढ़ते वादों के निस्तारण में सहायक सिद्ध होगी।

इसके बाद न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल द्वारा बहजोई में अधिगृहित नवीन भूमि, जहाँ जनपद न्यायालय का नया मुख्यालय प्रस्तावित है, का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य को तीव्र गति से पूर्ण कराने के




लिए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।

प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, सम्भल का भी निरीक्षण किया गया तथा आयोग के लिए प्रस्तावित नवीन भूमि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासनिक न्यायमूर्ति का यह निरीक्षण जनपद सम्भल में न्यायिक अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, न्यायिक कार्य प्रणाली में गति लाने तथा लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम माना जा रहा है।

# राहुल गांधी ने मजाक में कही थी बात, बिट्टू ने तो किया है कांग्रेस के साथ विश्वासघात

## -कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा- बीजेपी ने रवनीत बिट्टू को झाड़ पर चढ़ा दिया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को लेकर दिया बयान पर विवाद जारी है। इस बीच कांग्रेस नेता उदित राज ने राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा कि बात हंसी मजाक में कही गई थी। साथ ही उन्होंने कहा कि बिट्टू ने कांग्रेस के साथ विश्वासघात तो किया ही है। बुधवार को संसद परिसर में राहुल गांधी ने बिट्टू को गद्दार कह दिया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उदित राज ने कहा कि राहुल गांधी साफ दिल के हैं। उन्होंने यह हंसी मजाक में कह दिया, लेकिन उसको हवा दी बीजेपी ने और रवनीत बिट्टू को भड़का दिया। इसे कहते हैं कि झाड़ पर चढ़ाना। ऐसा नहीं करना चाहिए। राहुल गांधी ने लाइट मूड में कहा था, मैंने देखा था। राज ने आगे कहा कि दूसरी बात यह है कि चिढ़ने की क्या बात है। कांग्रेस ने ही तो इनको नेता बनाया।



इनके पूरे खानदान को नेता बनाया। तो विश्वासघात किया भी है, लेकिन जिस टोन में राहुल गांधी ने कहा उसमें कुछ गलत नहीं था।

बता दें संसद परिसर में सांसदों का प्रदर्शन चल रहा था। वहां, राहुल गांधी भी मौजूद थे। उस दौरान बिट्टू सामने से आ रहे थे। उन्हें देखकर राहुल गांधी ने कहा, खिए यहां एक गद्दार चला आ रहा है...मेरे गद्दार मित्र, चिंता मत करो, वापस आओगे। इस पर केंद्रीय मंत्री ने जवाब दिया, ये देश के दुश्मन हैं। राहुल गांधी ने केंद्रीय रेल राज्य मंत्री बिट्टू से हाथ मिलाने का प्रयास किया, हालांकि बीजेपी नेता ने हाथ नहीं मिलाया और सीधे संसद भवन के अंदर चले गए।

बिट्टू ने बाद में राहुल गांधी को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का बिगड़ा हुआ बेटा करार दिया। बीजेपी नेता ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने यह बात कई अन्य सांसदों से क्यों नहीं कही, बल्कि केवल एक सिख से ही क्यों कही? बिट्टू ने एक वीडियो संदेश में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे खुद को सबसे बड़ा देशभक्त मानते हैं क्योंकि उनके पिता राजीव गांधी ने अपना जीवन कुर्बान किया था। मैंने पार्टी में यह लड़ाई लड़ी कि मेरे दादा, बेअंत सिंह गांधी परिवार द्वारा लगाई गई आग के कारण पंजाब में शहीद हुए।

# जीएसटी छापेमारी के विरोध में व्यापारियों का बाजार बंद, वार्ता के बाद आंदोलन स्थगित





**चंदौसी/सम्भल(सब का सपना):-** जनपद में जीएसटी विभाग की छापेमारी के विरोध में गुरुवार को व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन कर बाजार बंद रखा और जीएसटी अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। व्यापारियों का आरोप था कि छापेमारी के दौरान अधिकारियों द्वारा तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है, जिससे व्यापारी वर्ग में भारी रोष व्याप्त है। दोपहर के समय प्रदेश सरकार में मंत्री गुलाब देवी की ओर से उनके प्रतिनिधि के रूप में ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंध सिंह धरना स्थल पर पहुंचे और व्यापारियों से वार्ता की। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि मंत्री गुलाब देवी की अध्यक्षता में जीएसटी कमिश्नर के साथ बैठक बहजोई स्थित कलेक्टर सभागार में आयोजित कराई जाएगी, ताकि समस्याओं का समाधान किया जा सके। इसके बाद अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता के नेतृत्व में सरार्फा व्यापारियों सहित अन्य व्यापारी कलेक्टर परिसर पहुंचे। वहां सम्भल के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मंत्री गुलाब देवी की मध्यस्थता में व्यापारियों और प्रशासन के बीच बैठक शुरू हुई। बैठक के दौरान दोनों पक्षों में आरोप-प्रत्यारोप भी हुए, लेकिन अंततः सहमति बन गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में यदि किसी व्यापारी के यहां जीएसटी विभाग द्वारा छापेमारी की जाती है तो उस दौरान व्यापारी के परिवार के दो सदस्य एवं व्यापार मंडल के दो प्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहेंगे। साथ ही यह भी तय हुआ कि किसी भी स्थिति में जीएसटी अधिकारी या पुलिस द्वारा अभद्र व्यवहार नहीं किया जाएगा। चन्दौसी से मध्यस्थता में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी, युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता, प्रेम ग्रोवर, अनुज वार्ष्णेय, सौरभ अग्रवाल, अविनाश, सचिन अग्रवाल, नंदन अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, सूचित अग्रवाल, मुकेश उर्फ गाड़ी, बंटी बिंदल, मनीष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, दीपू, दीप गोयल, गिरि प्रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक में सहमति बनने के बाद व्यापारियों ने जीएसटी अधिकारियों की कथित तानाशाही के खिलाफ बाजार बंद का आह्वान वापस ले लिया, जिसके बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में विभागीय कार्रवाई पारदर्शी और सम्मानजनक तरीके से की जाएगी, जिससे व्यापारी वर्ग को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# पुलिस ने चोरी के मामले में एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## फैक्ट्री से चोरी गई एल्युमिनियम फ्रीजर प्लेट बरामद

**सम्भल(सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के आदेश के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक कुमार भाटी के कुशल नेतृत्व में थाना सम्भल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी के एक मामले में प्रकाश में आए अभियुक्त युनुस उर्फ युनिस को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई एल्युमिनियम फ्रीजर की प्लेट बरामद की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मुजम्मिल पुत्र हाजी अख्तर, निवासी ग्राम चिमियावली थाना सम्भल, जिला सम्भल की लिखित तहरीर के आधार पर थाना सम्भल पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। 31 जनवरी व 1 फरवरी की रात अज्ञात चोरों द्वारा अल रहमान फ्रोजन फूड्स फैक्ट्री, चिमियावली



से महिन्द्रा पिकअप वाहन द्वारा कुल 24 एल्युमिनियम प्लेटें चोरी की गई थीं। इनमें से 11 प्लेटें फैक्ट्री के पीछे जर्जर हालत में मिल गई थीं, जबकि 13 प्लेटें चोरी कर ले जाई गई थीं। इस संबंध में 03 फरवरी को थाना सम्भल पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक कुलवीर सिंह द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त युनुस उर्फ युनिस तथा उसके साथी सलीम, आबिद और तोतला के नाम सामने आए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त युनुस को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की गई एक एल्युमिनियम फ्रीजर प्लेट (वजन लगभग 80 किलोग्राम) बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धाराओं में बढ़ोत्तरी की गई है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त युनुस ने बताया कि 31 जनवरी को उसके पड़ोसी सलीम ने उसे सम्भल से पिन्नी लाने के लिए कहा था और अपने दो व्यक्तियों आबिद व तोतला को साथ भेजा था। गाड़ी की व्यवस्था उसके परिचित काशीनाथ द्वारा की गई, जिसे 8 हजार रुपये भाड़े पर तय किया गया। रात को सभी लोग गाड़ी से सम्भल पहुंचे। फैक्ट्री के पास चोरी की गई प्लेटों को बाहर रख दिया गया, लेकिन जब चालक को पता चला कि यह पिन्नी नहीं बल्कि एल्युमिनियम प्लेटें हैं, तो उसने सामान ले जाने से मना कर दिया और वापस लौट गया।

वापसी के दौरान पिकअप वाहन आलू के खेत में फंस गया, जिसे ट्रैक्टर की मदद से निकाला गया। इसके बाद आरोपी प्लेटों को खेतों, पेड़ों और झाड़ियों में छिपाकर फरार हो गए। फिलहाल गिरफ्तार अभियुक्त युनुस उर्फ युनिस को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि और कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में हुई पीस कमेटी की बैठक

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में कांवड़ यात्रा एवं महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द के साथ संपन्न कराने के लिए पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में प्रमुख मंदिरों में जलाभिषेक, पूजन-अर्चना और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, क्षतिग्रस्त मार्गों के सुदृढ़ीकरण, भंडारे एवं शिविरों की व्यवस्था, सुरक्षा तथा चिकित्सा सुविधाओं की बारीकी से जानकारी ली। थाना प्रभारियों और संभ्रांत नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि कांवड़ मार्गों और मंदिरों में प्रकाश एवं साफ-सफाई का पूरा इंतजाम हो, मार्गों पर अतिक्रमण, जलभराव, घास-



झाड़ियों की सफाई कार्य समय रहते पूरे कर लिए जाएं। महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को जलाभिषेक में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए सभी प्रमुख मंदिरों में बैरिकेडिंग की व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रखी जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी स्वयं स्थलों का भ्रमण कर कमियां चिह्नित करें और तुरंत सुधार सुनिश्चित करें। शिविरों में विद्युत व्यवस्था सुरक्षित रखी जाए और कहीं भी खुले तार न हों। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमुख स्थानों पर एम्बुलेंस तैनात की जाए। शहरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज अधिकारी मंदिरों एवं प्रमुख मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि कहीं अंधेरा न रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत शिविरों में विद्युत और फायर सहित सभी ऑडिट करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति और तारों को दुरुस्त करने के निर्देशन दिए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि महाशिवरात्रि और कांवड़ यात्रा के दौरान पीस कमेटी के सदस्य पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करें। क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि मार्गों पर अतिक्रमण न हो। सम्बंधित अधिकारी कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर कमियों को समय रहते दूर कराएं।

निर्देश दिए जहां आवश्यक हो रूट डाइवर्जन प्लान करें। किसी भी दशा में कोई नयी परम्परा प्रारम्भ न होने दी जाये तथा प्रत्येक दशा में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गारिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, उपजिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन व हेल्पलाइन की दी गई जानकारी

**सम्भल(सब का सपना):-** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत गुरुवार को जनपद सम्भल में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के साथ-साथ महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं से सीधे संवाद कर उन्हें सशक्त बनाना तथा सुरक्षित वातावरण प्रदान करना रहा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी




रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 सहित अन्य सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मोबाइल फोन में पैनिक बटन व इमरजेंसी कॉल का डेमो भी दिखाया गया।

थाना चन्दौसी क्षेत्र में SPEL 3.0 कार्यक्रम के अंतर्गत साइबर अपराध के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया तथा आवेदन करने वाले बच्चों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक चन्दौसी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक/नोडल अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी ज्योत्सना शर्मा तथा धन सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जनपद में एसिड की अवैध बिक्री एवं वितरण के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन शील्ड अभियान के तहत थाना चन्दौसी की मिशन शक्ति टीम द्वारा विभिन्न दुकानों एवं संदिग्ध स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। थाना चन्दौसी पर स्कूली छात्र-छात्राओं को SPEL-03 के अंतर्गत पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, साइबर अपराध से बचाव तथा मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया गया यह अभियान महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित, जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कस्तूरबा व कंपोजिट विद्यालयों में बढ़ा बालिकाओं का आत्मविश्वास

**सम्भल (सब का सपना):-** जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को सशक्त व सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को कस्तूरबा बालिका विद्यालय सरथल खेड़ा, सरोजिनी नायडू कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल एवं शहीद गिरीश चंद कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक सुरेश कुमार, पूर्वी, संतराम एवं रितेश द्वारा छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया। इसमें लेग राइज, फ्रंट किक, फ्रंट जंप किक, साइड कट, साइड ब्लॉक सहित अन्य आत्मरक्षा कौशल सिखाए गए। प्रशिक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं आत्मरक्षा सीखने के लिए अत्यंत उत्साहित हैं और प्रशिक्षण के बाद उनके आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि देखने




को मिली है। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जनपद के सभी जूनियर हाई स्कूलों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और किसी भी आपात स्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के साथ-साथ छात्राओं को सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है, जिनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। इसका उद्देश्य यह है कि पात्र महिलाओं एवं बालिकाओं को योजनाओं की संपूर्ण जानकारी मिले और वे इनका लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं सुरक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी सराहा।

# भाकियू कार्यकताओं ने महत्वपूर्ण किसान पंचायत का किया आयोजन

## जलभराव, गंदगी और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार को लेकर उठा मुद्दा

**सम्भल(सब का सपना):-** भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में ग्राम रहमापुर में एक महत्वपूर्ण किसान पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता शिवनारायण सैनी ने की, जबकि संचालन सरदार गुरुवचन सिंह द्वारा किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि संगठन के विस्तार और किसानों व ग्रामीणों की मुख्य समस्याओं के समाधान को लेकर यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत पीपली रहमापुर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित है। गांव में पानी की उचित निकासी न होने के कारण मुख्य मार्गों पर जलभराव की गंभीर स्थिति बनी रहती है, जिससे आम



जनमानस को आवागमन में भारी परेशानी होती है और बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने आगे बताया कि चामुंडा मंदिर, जो ग्रामीणों की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है, उसके मुख्य मार्ग और आसपास गंदगी फैली हुई है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत में न तो सफाई व्यवस्था है और न ही जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था। कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। ग्राम पंचायत में लंबे समय से कोई सफाई कर्मी नियुक्त नहीं है, जबकि सरकार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांव-गांव साफ-सफाई पर विशेष जोर दे रही है। सरकारी योजनाओं को ग्राम स्तर पर विफल करने का काम खुलेआम किया जा रहा है। वहीं जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी ने कहा कि सरकार किसान और आम जनता के हित में निरंतर अच्छे कार्य कर रही है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर फैले भ्रष्टाचार के कारण पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं के विकास और उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं, जिससे जनता में रोष व्याप्त है। पंचायत को संबोधित करते हुए युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन और किसान महापंचायत को और तेज करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन किसानों और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करता रहेगा। बैठक में पहुंचे ग्राम पंचायत सचिव देवेश कुमार द्वारा समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद पंचायत का समापन किया गया। इस अवसर पर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, जिला संरक्षक शिवनारायण सैनी, जिला सलाहकार सरदार गुरुवचन सिंह, जिला प्रचार मंत्री चौधरी संतवीर सिंह, जिला मंत्री खेमपाल यादव, जिला महामंत्री (अ. मो.) इस्माइल खां, जिला मंत्री (अ. मो.) सुफियान पाशा, तहसील संरक्षक सेवक सैनी, तहसील अध्यक्ष (अ. मो.) मेहंदी हसन, तहसील उपाध्यक्ष राज्यपाल कश्यप, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष मो. हसन, ब्लॉक महासचिव मनीराम गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष उदल सिंह, ब्लॉक महासचिव पंवासा श्रीपाल यादव सहित महिला मोर्चा की ब्लॉक महासचिव ननिहा देवी, ब्लॉक सचिव निशा देवी, दिलवरी देवी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थेपुर गन्ना क्रय केंद्र पर घटतोली का आरोप

## राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने किया हंगामा, जांच की मांग



**किरतपुर/बिजनौर (सब का सपना)** क्षेत्र के ग्राम थेपुर स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों के गन्ने की तौल में घटतोली किए जाने का आरोप सामने आया है। इसको लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने केंद्र पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और निष्पक्ष जांच की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार संगठन के युवा ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद नवेद अपना गन्ना लेकर थेपुर गन्ना क्रय केंद्र पहुंचे थे। उनका आरोप है कि केंद्र पर की गई तौल में गन्ने का वजन कम दशार्या गया, जबकि वास्तविक मात्रा अधिक थी। संदेह होने पर उन्होंने अपने गन्ने की तौल धर्म कांटे पर कराई, जहां वजन अधिक पाया गया। इससे गन्ना केंद्र पर घटतोली की पुष्टि होने का दावा किया गया। मोहम्मद नवेद का कहना है कि जब उन्होंने इस संबंध में गन्ना केंद्र इंचार्ज से शिकायत की तो उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया और कथित रूप से मनमाना रवैया अपनाया गया। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की जानकारी संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही संगठन के पदाधिकारी कैलाश सिंह लांभा, विनोद कुमार बिट्टू सहित बड़ी संख्या में किसान व कार्यकर्ता गन्ना क्रय केंद्र पर पहुंचे और घटतोली के विरोध में हंगामा किया। आरोप है कि कथित अनियमितताओं को छुपाने के उद्देश्य से केंद्र पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा गन्ना तौल मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे कुछ समय के लिए गन्ना क्रय कार्य बाधित रहा। मौके पर मौजूद डिप्टी नजीबाबाद द्वारा निरीक्षण के दौरान निरीक्षण बुक उपलब्ध नहीं कराई गई। आरोप यह भी है कि जब डिप्टी निरीक्षण में घटतोली की बात दर्ज कर रहे थे,
उसी दौरान मिल से जुड़े कुछ कर्मचारियों ने उन्हें घेर लिया और मशीन को मौके से हटवा दिया। इस दौरान मिल के एजीएम यशपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। संगठन का कहना है कि यदि किसानों के साथ घटतोली और अन्य अनियमितताएं नहीं रुकीं, तो आंदोलन को और अधिक तेज किया जाएगा।

# बरूकी फ्लाईओवर के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो युवकों की मौके पर मौत





**कोतवाली देहात/बिजनौर (सब का सपना):-** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के बरूकी फ्लाईओवर के पास सोमवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइक सवार युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े, लेकिन तब तक दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो चुके थे और कुछ ही देर में उन्होंने दम तोड़ दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। हादसे की खबर जैसे ही मृतकों के परिजनों तक पहुंची, घरों में कोहराम मच गया। परिजन मौके पर पहुंचे तो शवों को देखकर रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे की वजह माना जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# थाना प्रभारी के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग, वीडियो वायरल

**बिजनौर।(सब का सपना):-** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें मंडावली थाना प्रभारी के खिलाफ जातिसूचक शब्दों, गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। वायरल क्लिप में एक युवक खुलेआम कानून और पुलिस वर्दी की मयार्दा को ठेंगा दिखाते हुए नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन की साख और अनुशासन पर सवाल खड़े हो गए हैं। क्लिप में युवक न केवल थाना प्रभारी के प्रति आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करता दिख रहा है, बल्कि स्वयं को कानून से ऊपर समझने का भाव भी प्रदर्शित करता है। बताया जा रहा है कि वीडियो में बोलने वाला युवक कुछ दिन पूर्व मंडावली थाना प्रभारी की शिकायत बिजनौर पुलिस अधीक्षक से कर चुका है। हालांकि, शिकायत और वीडियो में की गई टिप्पणियों के बीच क्या संबंध है, इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। क्षेत्रवासियों और सामाजिक संगठनों ने वीडियो में शामिल लोगों की पहचान कर उनके उद्देश्य और मंशा की गहन जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि इस तरह की भाषा और सार्वजनिक मंच पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग सामाजिक सौहार्द और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और तथ्य सामने आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ढोंगी बाबा ने महिला से ठगे सोने के कुंडल, मुकदमा दर्ज

**नगीना/बिजनौर (सब का सपना):-** ढोंगी बाबा द्वारा एक महिला के कानों से सोने के कुंडल उतरवा कर ले जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर निवासी चन्द्रपाल पुत्र मंगल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी पत्नी संतोष देवी 2 फरवरी को किसी कार्य से नगीना आई थी। जब वह नगर पालिका के पास गेट पर पहुँची तो एक ढोंगी बाबा व उसके साथ एक लडका था जिसने मेरी पत्नी संतोष को रोका और उससे बातचीत करने लगा। बात चीत करते-करते कहाँ की काली का मन्दिर कहा है और मेरी पत्नी से बात चीत करते-करते उसके सिर पर हाथ रख दिया, जिसे संतोष को कुछ पता नही चला, उसी समय उन्होंने उसकी पत्नी संतोष से सोने के कुंडल डवल होने का लालच देकर कुन्डल उतरवा लिये और सामने ही बडी चालाकी से वो कुन्डल कागज की पुडिया में लपेटकर संतोष को दे दिये, और कहा कि यह पूडिया घर जाकर ही खोलना जब वह घर पर आई ओर उसने पुडिया खोली तो कुन्डल के वजाय एक-एक रुपये के 5 सिक्के निकले। जिससे उसकी पत्नी काफी परेसान हो गई। उसने डरते-डरते यह बात उसने आज बताई। तहरीर में चंद्रपाल ने अपनी पत्नी के साथ उपरोक्त ढोंगी बाबा द्वारा उसकी पत्नी के कानों के कुंडल ले जाने की रिपोट दर्ज करने की गुहार की है। उधर थाना प्रभारी अवनीत मान का कहना है कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है अब अज्ञात ढोंगी बाबा की तलाश की जा रही है।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर घायल

**नगीना /बिजनौर (सब का सपना):-** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को 112 पुलिस व 108 एंबुलेंस सेवा द्वारा उपचार के लिए सीएचसी पहुंचा गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर निवासी निपेंद्र सिंह 55 वर्ष पुत्र ऋषिपाल सिंह बृहस्पतिवार को अपने मुकदमे संबंधी नगीना न्यायालय मुंशफी आया था और अपनी तारीख लगवा कर बाइक द्वारा वापस अपने गांव जा रहा था जब वह दोपहर 12:30 बजे नगीना कोतवाली मार्ग स्थित जीतपुर की पुलिया पर पहुंचा तभी अचानक सामने से आ रहा बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें निपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। आने जाने वाले राहगीरों ने घटना की सूचना 112 पुलिस को दी सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची और घायल पड़े निपेंद्र को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उसका उपचार किया जा रहा है। उधर दूसरी घटना में आजाद कॉलोनी लाइन पार निवासी अंकुर कुमार पुत्र हरिओम सिंह बुधवार की देर रात 8:30 बजे नगीना धामपुर मार्ग स्थित दो पाल होटल के निकट अपनी स्कूटी पर बैठा हुआ था,, इसी बीच इको गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी अंकुर कुमार घायल हो गया घायल अंकुर का उपचार पहले प्राइवेट चिकित्सा के यहां कराया गया फिर बाद में 112 पुलिस को सूचना दी गई और घायल अंकुर को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचा गया जहां चिकित्सा के उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# विराट हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ आज दोपहर 2:00 बजे से

**नगीना /बिजनौर (सब का सपना):-** जंभेश्वर बस्ती, केशव बस्ती, दयानंद बस्ती के संयुक्त तत्वाधान में विराट हिंदू सम्मेलन आज दोपहर 2 बजे नेशनल हाईवे स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मैं आयोजित होगा। जिसके प्रचार के लिए तीनों बस्तियों के हिंदू समाज के लोग घर घर संपर्क में जुटे हैं। दयानंद बस्ती के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल ने जारी एक प्रेस बयान में कहा है कि शुक्रवार को तीन बस्तियो दयानंद बस्ती, केशव बस्ती, एवं जंभेश्वर बस्ती का संयुक्त रूप से विराट हिंदू सम्मेलन होने जा रहा है। जिसमें 12:30 बजे से बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ जी से कलश यात्रा प्रारंभ होकर धामपुर मार्ग रामलीला मैदान के निकट सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामलीला बाग पहुंचेगी। जहां 2:00 बजे से विराट हिंदू सम्मेलन शुभारंभ हो जाएगा जो शाम तक चलेगा। सम्मेलन में पहुंचने वालों के लिए शाम के भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। राकेश कर्णवाल सहित जागरूक हिंदू गणमान्य लोगों ने तीनों बस्तियों के समस्त हिंदू परिवारों माता और बहनों और बुजुर्गों व नौजवानो के साथ साथ नगर के समस्त हिंदू समाज के लोगों से घर घर पहुंच कर विराट हिंदू सम्मेलन में समय से पहुंचकर सफल बनाने की अपील की है। जनसंपर्क करने वालों में राकेश कर्णवाल, लवी मित्तल, डॉ बालेश, शीतल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# श्री राम कथा से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा



**नगीना/बिजनौर (सब का सपना):-** विश्नोई मंदिर में आयोजित श्री राम कथा से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी महिला पुरुष शामिल रहे। कलश यात्रा बड़ा मंदिर से चलकर प्राचीन विश्नोई मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। गुरुवार की अपराह्न से नगर के मौहल्ला विश्नोई सराय स्थित प्राचीन विश्नोई मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर समाज में सकारात्मकता लाने व धर्म की रक्षा व प्रचार हेतु 5 फरवरी से12 फरवरी तक दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक दिव्य संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है श्री राम कथा का श्रवण अयोध्या से आये कथा व्यास अमरेश महाराज द्वारा कराया जा रहा है, श्री राम कथा के समापन पर 12 फरवरी को मंदिर में हवन एवं यज्ञ का आयोजन किया जायेगा , श्री राम कथा के आरंभ से पूर्व गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे से बाजार गंज स्थित बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ से कलशयात्रा निकाली गई , कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सर पर कलश लेकर चल रही थीं।

कलशयात्रा में एक सुसज्जित बग्घी पर कथा वाचक गुरु जी सवार थे , कलशयात्रा नगर के सरार्फा बाजार , सुनारों के बाजार ,बाजार नालबंदान व बाजार विश्नोई सराय होती हुई मौहल्ला विश्नाई सराय स्थित प्रचीन विश्नोई मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई , जहां विधि विधान से श्री राम कथा का शुभारंभ किया गया ,कलशयात्रा में शास्त्री अजय तिवारी , यजमान अवधेश विश्नाई सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी महिला व पुरुष शामिल रहे।

# तिलक नगर हत्याकांड: प्रेम प्रसंग में युवक की चाकू मारकर हत्या, नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार




**पश्चिमी दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में तिलक नगर थाना पुलिस ने 20 वर्षीय युवक शिवम की हत्या के मामले को सफलतापूर्वक सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह हत्या मृतक का आरोपी नाबालिग की बहन के साथ प्रेम-प्रसंग होने के कारण उपजे विवाद में की गई थी। पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से मुख्य आरोपित अक्षत उर्फ हनी, मनीष और इनके एक नाबालिग साथी को पकड़ लिया है। घटना दो फरवरी की रात हुई थी, जब तिलक नगर के 80 गज क्षेत्र में चाकूबाजी की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस को 20 वर्षीय घायल शिवम मिला था, उसके शरीर पर चाकू के कई वार के निशान मिले थे। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। डीसीपी डी शरद भास्कर के अनुसार, वारदात के बाद सभी आरोपी फरार होकर छिप गए थे। इंस्पेक्टर कैलाश चंद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और गहन पूछताछ के जरिए आरोपियों का सुराग लगाया। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपित तिलक नगर के रहने वाले हैं। मृतक का आरोपी नाबालिग के बहन से प्रेम-प्रसंग था, जो नाबालिग को पसंद नहीं था। इसे लेकर नाबालिग का कई बार शिवम के साथ विवाद भी हुआ था। दो तारीख की रात नबालिग अपने दो साथी के साथ उसे धमकी देने गया था, विवाद बढने पर आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें सीने में लगे चाकू के घाव के कारण शिवम की मौत हो गई थी।

इस पूरी कार्रवाई को एसीपी तिलक नगर डॉ. गरिमा तिवारी और एसएचओ बिनीत कुमार पांडेय की देखरेख में सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से आगे की पूछताछ कर रही है ताकि घटनाक्रम की कड़ियों को पूरी तरह जोड़ा जा सके।

# महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय भंडारे की तैयारी तेज, समिति की बैठक में बनी रूपरेखा

**शेरकोट बिजनौर (सब का सपना):-** भगवान शिव के पावन पर्व पर महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भोले के भक्त भंडारे समिति की एक महत्वपूर्ण योजना बैठक समिति अध्यक्ष अंचल चौहान के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारे की तैयारियों, व्यवस्थाओं और संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समिति अध्यक्ष अंचल चौहान ने बताया कि समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भव्य एवं सुव्यवस्थित भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी से प्रारंभ होकर तीन दिनों तक यह भंडारा एनएच-734 स्थित गढ़ी मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान दूर-दराज से आने वाले शिवभक्तों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। उन्होंने बताया कि भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध एवं स्वच्छ भोजन की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही पेयजल, चिकित्सा सुविधा, रात्रि विश्राम और ठहरने की निशुल्क व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे यात्रियों और भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति द्वारा सफाई व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। भोजन व्यवस्था, जल व्यवस्था, चिकित्सा शिविर, भक्तों के ठहरने की व्यवस्था और सेवा कार्यों के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सभी व्यवस्थाओं को समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में विजय वर्मा, अरविंद वर्मा, विनीत दीक्षित, रिकू, सुमित वर्मा, मयंक भारद्वाज सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। समिति पदाधिकारियों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं और शिवभक्तों से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने तथा सेवा कार्यों में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और सेवा भावना को बढ़ावा मिलता है।

# एसडीम स्मृति मिश्रा ने स्वर्गीय उर्मिला अग्रवाल की स्मृति में पुस्तकालय का किया उद्घाटन






**नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):-** नूरपुर रोड स्थित वी के इंटरनेशनल स्कूल में स्वर्गीय उर्मिला अग्रवाल की स्मृति में पुस्तकालय का उद्घाटन धामपुर एसडीम स्मृति मिश्रा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ,जिनका शुभारंभ एसडीम स्मृति मिश्रा, विकास अग्रवाल, शरद जैन तथा विद्यालय प्रबंधक सुधीर कुमार अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, एमडी शिल्पी कुमार अग्रवाल, ईडी प्रार्थना अग्रवाल तथा स्कूल प्रधानाचार्य प्रेरणा चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 7वीं की छात्रा आराध्या अग्रवाल ने किया। इसके पश्चात विकास अग्रवाल ने बच्चों को पुस्तकालय के महत्व के विषय में बताया और यह भी कहा कि पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र होती हैं, इसलिए हमें अपनी पुस्तकों को संभालकर रखना चाहिए तथा उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सफल बनाने का प्रयास करते रहना चाहिए। और यह भी बताया कि पुस्तकालय किसी भी विद्यालय का हृदय होता है, जहाँ से ज्ञान, विचार और संस्कारों का विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य प्रेरणा चौधरी ने विद्यार्थियों से नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल अध्यापिका समाना नकवी, रजनीश कुमार शर्मा, प्रतीक्षा राजपूत, रूपम शर्मा, अंजू चौहान, रुचि चौहान, पलक राजपूत, सायका शकील, प्रियंका त्यागी, नीरज कुमार अमन तोमर आदि समस्त स्कूल स्टाफ का योगदान रहा।

# कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह बोले- भाजपा को अपने कार्यों पर घमंड है तो मतपत्र से चुनाव कराएं

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र ने कहा कि अनुशासन के बिना कोई पार्टी, कोई घर कोई संस्था नहीं चल सकता

**चंडीगढ़ :** कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि अगर भाजपा को अपने कार्यों पर घमंड है तो मतपत्र से चुनाव कराएं। वह दिन दूर नहीं जब पार्टियां चुनाव का बहिष्कार शुरू कर देंगी। अगर निष्पक्ष चुनाव नहीं होंगे तो क्या फायदा होगा। देश में गृहयुद्ध हो जाएगा। दूसरे देशों की तरह से लोग सड़कों पर आ जाएंगे। कांग्रेस के समय भी ईवीएम थी लेकिन कभी किसी को शक नहीं था। अगर कांग्रेस गड़बड़ी करती तो भाजपा कभी सत्ता में नहीं आ पाती। किस तरह से वोट चोरी की गई उसका साफ उदाहरण हमारे सामने हैं। निश्चित तौर पर हरियाणा के चुनाव में गड़बड़ी हुई है। हिसार में सेक्टर 13 में मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र ने कहा कि एक साजिश के तहत महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को खत्म किया जा रहा है। गरीबों को रोजगार की गारंटी को छीना जा रहा है। महात्मा गांधी के नाम पर बने इस कानून को केंद्र सरकार ने बदल दिया। इसे पूरी तरह से प्रदेश पर थौंपने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल प्रदेश के चुनाव में गठबंधन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष फैसला लेंगे। मेरी निजी राय है कि सभी को मिलकर लड़ना चाहिए। एकजुट होकर भाजपा को हराना चाहिए। राव नरेंद्र ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करा कर हरियाणा को एसवाईएल का पानी दिलाना चाहिए। केंद्र में भाजपा की सरकार है तथा हरियाणा में भी भाजपा की सरकार है। ऐसे में भाजपा को इसका



समाधान कराना चाहिए। एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि बृजलाल ग्रामीण जिला अध्यक्ष हैं। सभी को यह मानना चाहिए, जिला के कार्यक्रम में सभी को हिस्सा लेना चाहिए। इस बजट में किसी भी वर्ग के लिए कोई योजना नहीं है। पिछले साल के बजट में काफी योजनाएं थी ,जिन पर अब तक काम नहीं हो सका। लच्छेदार बातों से अच्छा बजट नहीं बनता। आम लोगों को फायदा पहुंचाने वाली अच्छी योजनाओं से अच्छा बजट बनता है।यह पूरी तरह नीरस बजट है। जिससे हर वर्ग को गहरी निराशा मिली है। इसी माह नियुक्त होंगे ब्लॉक अध्यक्ष संगठन सृजन में सभी जिला

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र ने कहा कि अनुशासन के बिना कोई पार्टी, कोई घर कोई संस्था नहीं चल सकता। हमने कांग्रेस ने अनुशासन की शुरूआत की है। हरियाणा में अनुशासनहीनता करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।**

अध्यक्ष नियुक्त किए जा चुके हैं। संगठन के हिसाब से 33 जिलों में से 26 की कार्यकारिणी भी बन चुकी है। खंड स्तर पर कार्यकारिणी व पदाधिकारी बना रहे हैं। इसी माह ब्लाक अध्यक्ष बनाएंगे। करीब 11 साल बाद प्रदेश में जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। पार्टी के खिलाफ बयानबाजी करने वालों को सहन नहीं किया जाएगा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र ने कहा कि अनुशासन के बिना कोई पार्टी, कोई घर कोई संस्था नहीं चल सकता। हमने कांग्रेस ने अनुशासन की शुरूआत की है। हरियाणा में अनुशासनहीनता करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। विधानसभा- लोकसभा चुनाव को लेकर अगर किसी नेता को कोई दिक्कत है तो वह पार्टी में आकर अपनी बात रखें। मीडिया में जाकर पार्टी के खिलाफ बयानबाजी करने वालों को सहन नहीं किया जाएगा।

## घर छोड़कर जा रहा हूं, दस साल बाद लौटूंगा, ढूंढना मत; यमुनानगर में रहस्यमयी ढंग से लापता हुआ 9वीं का छात्र




**यमुनानगर।** यमुनानगर के दामला मॉडल टाउन से 14 वर्षीय छात्र आदित्य रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। वह घर पर एक नोट छोड़कर गया, जिसमें लिखा था कि वह दस साल बाद लौटेगा और उसे ढूंढा न जाए। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस की जांच के दौरान उसके मोबाइल की आखिरी लोकेशन दिल्ली में मिली। उसके मोबाइल पर कॉल की गई, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। फिलहाल, सदर यमुनानगर थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि लापता हुए नाबालिग छात्र का परिवार दामला में किराये के मकान में रहता है। वह मूल रूप से बिहार के जिला भोजपुर आरा के गांव नारायणपुर के निवासी हैं। आदित्य कक्षा नौवीं में पढ़ रहा है और उसके पिता प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करते हैं। बुधवार की सुबह पूरा परिवार घर पर ही था। इस दौरान आदित्य ने कहा कि वह किसी काम से बाहर जा रहा है। काफी समय इंतजार के बाद भी जब वह वापस नहीं आया तो उसके नंबर पर कॉल की गई, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद लगातार कॉल करने के बाद भी संपर्क नहीं हुआ। बाद में घर में सामान तलाश किया गया तो उसका लिखा एक नोट मिला, जिसमें लिखा था- मैं घर छोड़कर जा रहा हूं। दस वर्ष बाद लौटूंगा। मुझे ढूंढना मत। फिलहाल, पुलिस लापता छात्र को ढूंढने की हर संभव कोशिश कर रही है।

## हरियाणा के यमुनानगर में भीषण हादसा, तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर; मौके पर युवक की मौत



**यमुनानगर।** पंचकूला कलानौर नेशनल हाईवे पर गांव फूंसगढ़ के पास ट्रक व कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गए। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया। दुर्घटना के बाद आरोपित चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना हाईवे से सुढैल रोड की ओर कार मोड़ते समय हुई। तभी तेजी से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। ऐसा अंदेशा है कि सुबह धुंध के कारण यह दुर्घटना हुई। गांव ससौली निवासी 20 वर्षीय हरमन अपने दोस्त 18 वर्षीय उदय के साथ बुधवार को कार में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में गए हुए थे। जहां उनकी बहन की शादी हुई है। वीरवार की सुबह वह सहारनपुर से लौट रहे थे। जब वह फूंसगढ़ चौक पर पहुंचे और अपने गांव की ओर जाने वाले रोड पर मुड़ने लगे। तभी एक चालक लापरवाही व तेजी से ट्रक चलाते हुए आया और उनकी कार को सीधी टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि कार के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। लगभग 100 मीटर तक ट्रक कार को घसीटते हुए लेकर गया। अंदर हरमन व उदय दोनों फंस गए। राहगीरों ने शोर मचाया तो चालक ट्रक छोड़कर भाग निकले। किसी तरह से उदय व हरमन को बाहर निकाला गया। उदय की मौत हो गई थी। हरमन चोटिल हुआ। उसे अस्पताल में भिजवाया गया। फर्कपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि सुबह के समय हादसा हुआ। गांव के रोड की ओर से मुड़ते समय ट्रक ने टक्कर मारी। सुबह धुंध भी थी। मामले में आरोपित ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## 'गद्दार' पर गरमाई सियासत: भड़की भाजपा का पलटवार, कहा-बेअंत सिंह के बुत के सामने खड़े होकर बोलें कांग्रेसी

राहुल गांधी के केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू को गद्दार कहने पर पंजाब में सियासी भूचाल आ गया है। भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है। वीरवार को चंडीगढ़ में पंजाब भाजपा के मुख्य प्रवक्ता प्रितपाल सिंह और मीडिया सचिव विनीत जोशी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेसी पंजाब कांग्रेस मुख्यालय में लगे पूर्व सीएम बेअंत सिंह के बुत के सामने खड़े होकर एक बार कह दें कि बिट्टू गद्दार है। भाजपा ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह वड़िग के बयान पर पलटवार किया। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह



वड़िंग ने कहा था कि बिट्टू कांग्रेस पार्टी के गद्दार ही रहेंगे, जो भाजपाइयों से बात नहीं करना चाहते थे वही लोग आज बिट्टू के बॉस हो गए। वड़िंग ने भाजपाइयों को लताड़ता हुआ बिट्टू का एक वीडियो भी पोस्ट किया था। भाजपा नेताओं ने कहा कि जिस मुख्यमंत्री ने पंजाब में कानून व्यवस्था बहाल करने और आतंकवाद को खत्म करने के लिए अपनी जान दे दी क्या उनका पोता गद्दार हो सकता है, फिर तो बेअंत सिंह का बुत पंजाब कांग्रेस मुख्यालय से हटा देना चाहिए। भाजपा ने चुनौती दी कि कांग्रेसी पूर्व मुख्यमंत्री शहीद बेअंत सिंह के बुत के सामने खड़े होकर उसके पोते को गद्दार कहने की हिम्मत दिखाएं। प्रितपाल सिंह ने कहा कि कल तक बिट्टू कांग्रेस में थे तो राहुल गांधी के अच्छे दोस्त थे अब जब वह भाजपा में है और भाजपा ने उन्हें केंद्र में राज्य मंत्री बना रखा है तो बिट्टू गद्दार बन गए। बिट्टू केंद्र में पंजाब व पंजाबियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। राहुल गांधी द्वारा उन्हें ऐसा आपत्तिजनक शब्द कहना पंजाबियों का अपमान है।

## हरियाणा में विकास की रफ्तार तेज, इन सेक्टरों में कनाडा करेगा निवेश; प्रतिनिधिमंडल ने सीएम नायब सैनी से की मुलाकात

चंडीगढ़। कनाडा के उद्यमी हरियाणा में शिक्षा, कौशल विकास और नवाचार में निवेश बढ़ाएंगे। विशेषकर ऊर्जा, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि, लाजिस्टिक्स और मुक्त व्यापार में सहयोग बढ़ाया जाएगा। हरियाणा में कनाडा विश्वविद्यालय का परिसर बनाने की भी योजना है। कनाडा के अल्बर्टा प्रांत की स्वदेशी संबंध मंत्री राजन साहनी के नेतृत्व में संत कबीर कुटीर पहुंचे उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर आर्थिक सहयोग को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा वैश्विक सहयोगों के लिए हमेशा तैयार है, जिससे प्रदेश में कौशल वृद्धि, नवाचार और आर्थिक विकास को गति मिले। हरियाणा के बड़ी संख्या में छात्र कनाडा में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिससे शैक्षणिक सहयोग दोनों पक्षों के लिए



महत्वपूर्ण क्षेत्र बन गया है। प्रदेश सरकार द्विपक्षीय सहयोग, शैक्षणिक आदान-प्रदान और आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने वाले सभी विषयों को पूरा समर्थन प्रदान करेगी। प्रदेश का विदेश सहयोग विभाग अंतरराष्ट्रीय संबंधों, नवाचार और विदेशी निवेश जैसे क्षेत्रों पर लगातार कार्य कर रहा है। बैठक के दौरान उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान प्रदेश में कनाडा विश्वविद्यालय का परिसर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। राजन साहनी ने हरियाणा के औद्योगिक विकास, नवाचार और मानव संसाधन विकास से जुड़ी नीतियों की सराहना करते हुए अल्बर्टा के उन्नत कौशल विकास तंत्र और शिक्षा एवं रोजगार के संबंध में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य रूप से कौशल प्रशिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा और उद्योग आधारित कार्यक्रमों में साझेदारी पर मंथन हुआ ताकि हरियाणा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके। इसके साथ-साथ प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा, फूड प्रोसेसिंग, कृषि, लाजिस्टिक्स और मुक्त व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने हरियाणा की नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि आधारित उद्योगों और आपूर्ति श्रृंखला अवसंरचना में बढ़ती क्षमताओं के मद्देनजर तकनीकी आदान-प्रदान, निवेश जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, विदेश सहयोग विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी कुमार, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग, विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी ने भी अपनी बात रखी।

## करनाल में स्कूल जाने के लिए 6 किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर बच्चे

**जलमाना।** मंचूरी गांव के विद्यार्थियों का सब्र बुधवार को जवाब दे गया। स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौटते समय बच्चों ने सरकार और परिवहन व्यवस्था के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी पीड़ा सार्वजनिक की। बच्चों का कहना है कि सरकारी व निजी बस संचालक समय पर बसें नहीं रोकते, जिसके कारण उन्हें प्रतिदिन पढ़ाई के लिए करीब छह किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। यह सफर न केवल थकाने वाला है, बल्कि उनकी सुरक्षा और भविष्य दोनों के लिए खतरा बन चुका है। विद्यार्थियों ने बताया कि मंचूरी गांव में केवल माध्यमिक विद्यालय है। कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं की पढ़ाई के लिए उन्हें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेखुपुरा जाना पड़ता है, जो गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर है।



यानी रोजाना स्कूल आने-जाने में छह किलोमीटर पैदल सफर करना उनकी मजबूरी बन गया है। बारिश और भीषण गर्मी में यह सफर और भी खतरनाक हो जाता है, खासकर छात्राओं के लिए। बच्चों का आरोप है कि बस स्टाप पर घंटों इंतजार करने के बाद भी सरकारी और निजी बसें नहीं रुकतीं। कई बार पैदल चलते-चलते पैरों में छाले और खून तक उतर आता है। कभी-कभार यदि कोई निजी बस रुक भी जाए तो बस स्टाफ का व्यवहार अपमानजनक होता है। सरकारी बसें भी भीड़ देखकर तेज रफ्तार में निकल जाती हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। बच्चों ने बताया कि अस्वस्थ होने की स्थिति में यह सफर और भी भयावह हो जाता है। विद्यार्थियों ने यह भी याद दिलाया कि चार वर्ष पहले वे पैदल उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचे थे, तब जाकर स्कूल में अध्यापकों की संख्या बढ़ाने का आश्वासन मिला था, जो आज तक अधूरा है। अब फिर हालात वहीं के वहीं खड़े हैं। बच्चों की दो टूक मांग है कि या तो मंचूरी स्कूल को 12वीं तक अपग्रेड किया जाए या फिर हरियाणा रोडवेज और निजी बसों को स्कूल समय पर अनिवार्य रूप से रोकने के सख्त आदेश जारी किए जाएं। मंचूरी गांव के सरपंच जतिंद्र कश्यप ने भी बच्चों की मांग का समर्थन किया। उन्होंने बताया कि गांव के माध्यमिक विद्यालय में आज भी मुख्याध्यापक सहित कई पद खाली हैं। उच्च कक्षाओं के लिए बच्चों का पैदल छह किलोमीटर सफर करना बेहद खतरनाक है। सरपंच ने सरकार से सवाल किया कि क्या बच्चों की यह आवाज सुनी जाएगी या बेटी पढ़ाओ सिर्फ नारा बनकर रह जाएगा।

## रोहतक में सरकारी नौकरी के नाम पर 10 लाख की ठगी

**रोहतक।** गांव लाखनमाजरा निवासी एक युवक से सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित जितेंद्र ने थाना लाखनमाजरा में शिकायत देकर आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और ठगी गई राशि वापस दिलाने की मांग की है। शिकायत में जितेंद्र ने बताया कि वह बिजली मिस्त्री का काम करता है। उसके रिश्तेदार मेजर मंदीप, जो सेना से सेवानिवृत्त होकर देहरादून में एक निजी कंपनी में कार्यरत थे, की मुलाकात वहां विजय पाल नामक व्यक्ति से हुई। विजय पाल ने खुद को विदेश मंत्रालय से जुड़ा बताते हुए कहा कि उसकी ऊंचे अधिकारियों से पहचान है और वह 10 लाख रुपये में सरकारी नौकरी लगवा सकता है। इसी विश्वास में मेजर मंदीप ने उसकी मुलाकात जितेंद्र से करवाई। आरोप है कि विजय पाल ने लाखनमाजरा में मुलाकात के दौरान जितेंद्र को कार स्टाफ ड्राइवर की सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद 3 नवंबर 2025 को विजय पाल ने उसे राष्ट्रपति भवन के पास दिल्ली बुलाया, जहां उससे 10




लाख रुपये नकद ले लिए गए और फर्जी जाइनिंग लेटर थमा दिया गया। आरोपी ने दो दिन में दिल्ली के वसंत कुंज स्थित हैंडीक्राफ्ट्स एंड कारपेट सेक्टर स्किल काउंसिल में जाइनिंग का दावा किया। इसके बाद आरोपितों ने कभी पटियाला हाउस एनेक्सी, कभी कौशल भवन तो कभी अन्य सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगवाए। मेडिकल जांच के नाम पर सफदरजंग अस्पताल भेजा गया और आइवीएस ग्लोबल सर्विस, बाराखंबा रोड में मूल दस्तावेज जमा करवा कर 3 हजार रुपये भी लिए गए। इस दौरान फोन पर ही कथित मेडिकल अधिकारी बनकर ऊंचाई, वजन जैसी औपचारिकताएं पूरी करवाई गईं। पीड़ित को जब शक हुआ तो उसने बातचीत की रिकार्डिंग शुरू कर दी। 13 दिसंबर 2025 को राजघाट दिल्ली में बुलाकर कथित आरोपी महेंद्र नेगी ने उसका फोन छीन लिया और दबाव बनाया। बाद में आरोपी फोन उठाने से कतराने लगे। शिकायत के अनुसार, जब पीड़ित ने रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां दीं। पीड़ित ने बताया कि इसी तरह से उसके रिश्तेदार मेजर मंदीप के साथ भी नौकरी के नाम पर ठगी की गई है। उसने पुलिस को फर्जी नियुक्ति पत्र, काल रिकार्डिंग, व्हाट्सएप चैट और अन्य दस्तावेज सौंपे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## करनाल में बदमाशों का आतंक: ब्यूटी पार्लर व मकान पर फायरिंग, विदेश में रह रहे युवक के घर को बनाया निशाना




देरात फुसगढ़ गांव में अज्ञात बदमाशों ने एक ब्यूटी पार्लर और उससे सटे मकान पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। सन्नाटे को चीरती गोलियों की आवाज सुनकर पूरा इलाका दहशत में आ गया। लोग नींद से जागकर अपने घरों से बाहर निकल आए, कई घरों की बत्तियां जल गईं और गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। बदमाश करीब चार से पांच राउंड फायरिंग कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। गनीमत रही कि इस वारदात में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन परिवार और पड़ोसी बुरी तरह सहमे हुए हैं। जानकारी के अनुसार, यह हमला बलकार लाठर के मकान पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बदमाश सीधे ब्यूटी पार्लर के सामने रुके जो मकान के निचले हिस्से में किराये पर दिया गया है और बिना कोई चेतावनी दिए फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने पार्लर से सटे घर की दीवारों की ओर भी गोलियां दागीं। गोलियों की आवाज सुनते ही आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। महिलाओं और बच्चों में खासा डर देखा गया। गांव में देर रात तक लोग सहमे रहे और कई परिवार बाहर तक नहीं निकले। जिस मकान पर हमला हुआ, वह बलकार लाठर का है, जो करीब तीन साल पहले डंकी रूट से अमेरिका गया था। बताया जा रहा है कि उसने विदेश जाने के लिए 40 से 50 लाख रुपये खर्च किए थे और फिलहाल वहां ड्राइवर का काम करता है। वारदात के वक्त घर में उसकी मां राजपती और पत्नी सीमा मौजूद थीं। नीचे की दुकान पहले से ही ब्यूटी पार्लर के रूप में किराये पर दी गई है। हमले के बाद घर के भीतर मौजूद महिलाएं बुरी तरह डर गईं और काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकल पाईं। परिवार और ग्रामीणों का कहना है कि बलकार या उसके परिवार की किसी से कोई पुरानी रंजिश नहीं है। न ही अब तक किसी ने फिरौती की मांग की है। ऐसे में अचानक हुई फायरिंग ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह धमकी थी, डराने की कोशिश थी, या किसी बड़े साजिश का हिस्सा? फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। फुसगढ़ के लोगों का कहना है कि उनके इलाके में पहले कभी इस तरह की गोलीबारी नहीं हुई। यह घटना गांव के लिए एक बड़ा झटका है। बुजुर्गों ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में ऐसी वारदात नहीं देखी। बच्चे अभी भी डरे हुए हैं और महिलाएं रात के समय घर से बाहर निकलने में सहम रही हैं। कई ग्रामीणों ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहां से खाली कारतूस के खोखे बरामद किए गए हैं। जांच अधिकारी विनोद ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि हमलावरों की पहचान हो सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बदमाशों तक पहुंचने के लिए टीमें बनाई गई हैं और हर संभव सुराग पर काम किया जा रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों ने गांव में पुलिस गश्त बढ़ाने और रात के समय सुरक्षा इंतजाम पुख्ता करने की मांग की है। लोगों का आरोप है कि रात में पुलिस इलाके में गश्त नहीं करती इसी के परिणामस्वरूप यह घटना हुई है।

## जिला कैडर शिक्षकों की ट्रांसफर पॉलिसी में संशोधन, स्वैच्छिक जिला बदलने का मिलेगा मौका




हरियाणा सरकार ने जिला कैडर शिक्षकों की कैडर चेंज पॉलिसी-2025 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। स्कूल शिक्षा विभाग (एलिमेंट्री) की ओर से 4 फरवरी 2026 को जारी आदेश के अनुसार नई संशोधित पॉलिसी 2 फरवरी 2026 से लागू मानी जाएगी। इसका उद्देश्य शिक्षकों को स्वैच्छिक आधार पर जिला बदलने का अवसर देकर उनकी नौकरी से संतुष्टि बढ़ाना और साथ ही विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की सुरक्षा करना है। नई व्यवस्था के तहत नियमित रूप से कार्यरत प्राइमरी टीचर (पीआरटी), जूनियर बेसिक टीचर (जेबीटी), हेड टीचर और सीएंडवी शिक्षक इस पॉलिसी के दायरे में आएंगे। शिक्षक केवल उसी श्रेणी की रिक्तियों के आधार पर एक जिले से दूसरे जिले में कैडर बदल सकेंगे। अंतिम निर्णय का अधिकार स्कूल शिक्षा विभाग के प्रशासनिक सचिव को दिया गया है। पॉलिसी में इमीडिएट फैमिली की परिभाषा परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के आधार पर तय की गई है, जबकि मेरिट पॉइंट के लिए अलग से क्वालिफाइंग डेट निर्धारित होगी। साथ ही, छात्रों की संख्या के अनुसार शिक्षकों की वास्तविक जरूरत तय करने के लिए पदों का रैशनलाइजेशन भी किया जाएगा। सरकार का कहना है कि संशोधन से शिक्षकों और छात्रों दोनों को लाभ मिलेगा।

## सोनीपत में दो कारों की टक्कर: फैक्टरी कर्मचारी की मौत, शादी की खुशियां मातम में बदलीं



बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में एक फैक्टरी कर्मचारी की मौत हो गई। हादसा सोनीपत-गोहाना हाईवे पर हुआ है। दो कारों की आमने-सामने की टक्कर के बाद गांव लाठ के 52 वर्षीय अनिल कुमार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वह तीन बेटियों के पिता थे। इसके बाद शादी वाले घर में मातम छाया हुआ है। सोनीपत नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम कराने पहुंचे परिवार जनों और पड़ोसियों ने बताया कि भिगान में एक फैक्टरी में नौकरी कर रहे अनिल कुमार परिवार समेत शहर की व्हाइट लिली सोसाइटी में फ्लैट में थे। उनकी तीन बेटियों में सबसे बड़ी बीएससी कर रही है और छोटी दोनों 11वीं में पढ़ती हैं। 6 फरवरी को अनिल के भतीजे की शादी है, जिसकी तैयारियों के चलते वह गांव में आए हुए थे। रात करीब 10 बजे के बाद जब वह वापस सोसाइटी लौट रहे थे तो गांव जाहरी के पास वह कार हादसे का शिकार हो गए। पता चलने के बाद रात करीब 12 बजे परिजन अनिल को लेकर सोनीपत के नागरिक अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना के बाद थाना सदर की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक हादसे की वजह एक कार चालक के फ्लाईओवर पर गलत दिशा से चल रहे होने को बताया जा रहा है। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि गलत दिशा में चल रही कार अनिल कुमार की थी या दूसरी। फिलहाल मामले की तह तक जाने की कोशिशें जारी हैं।

# भारत और इंग्लैंड के बीच आज खेला जाएगा यूथ अंडर 19 विश्व कप क्रिकेट

**हरारे (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड की टीमें शुक्रवार को यहां यूथ अंडर 19 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेलने उतरेंगी। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराकर दसवीं बार फाइनल में प्रवेश किया जबकि इंग्लैंड टीम छठी बार फाइनल में पहुंची है। भारत और इंग्लैंड दोनो ही टीमों ने अपने-अपने सभी मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनायी है। भी अपने सभी मैच जीते हैं. दोनों टीमों के बीच फाइनल छह फरवरी को हरारे में भारतीय समय के मुताबिक दोपहर एक बजे से खेला जाएगा.

आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत और इंग्लैंड की टीमों ने अब तक अंडर 19 में 55 यूथ एकदिवसीय मैच खेले हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 41 मुकाबलों में जीत हासिल की है। वहीं भाररीय टीम को 13 मुकाबलों में उसे हार मिली जबकि एक मैच का परिणान नहीं निकला।। दूसरी ओर इंग्लैंड को 13 मैचों में जीत मिली है। फाइनल में पहुंचने के बाद उत्साहित भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने कहा कि यहां पहुंचने का अहसास काफी अच्छा है। हमारे लिए विश्वकप कप फाइनल खेलना सुखद अनुभवी है। सभी प्रशंसकों से मेरी अपील है कि आप इसी प्रकार हमारा समर्थन करते रहें। हम फाइनल मैच में अपनी ओर से जीतने का पूरा प्रयास करेंगे। हम फाइनल मैच को केवल एक गेम की तरह ही रखेंगे।

भारत ने जहां पहले सेमीफाइनल में आरोन जॉर्ज के 115 रनों की शतकीय पारी से अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया है। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 27 रन से




हराकर फाइनल में जगह बनायी है। उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ-साथ गेंदबाजी यूनिट भी लगातार अच्छा प्रदर्शन करती आई है। ऐसे में फाइनल में इंग्लैंड भारत को कड़ी चुनौती दे सकता है।

### टीम इस प्रकार है

**भारतीय टीमः** आयुष म्हात्रे (कप्तान), आर.एस. अंबरीश, कनिष्क चौहान, डी. दीपेश, मोहम्मद एमान, एरॉन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, किशन कुमार सिंह, विहान मल्होत्रा, उदय मोहन, हेमिल पटेल, खिलान ए. पटेल, हर्षवर्धन सिंह, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी

**इंग्लैंड टीमः** थॉमस रेव (कप्तान), फरहान अहमद, रॉकी अलर्ट, बिल वीसन, बेन डॉकिन्स, कालेब फॉल्कनर, अली फारूक, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हेंडरसन, मैनी लार्डन, बेन मेयर, जेम्स मीटो, जो मूर्स, सेबेस्टियन मॉर्गन

# टी20 विश्व कप में सबसे कम स्कोर पर आउट हुई हैं यूगांडा और नीदरलैंड



**मुम्बई (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप शुरु होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं। विश्वकप मुकबले भारत और श्रीलंका में संयुक्त रुप से खेले जाएंगे। इसमें कई नये रिकार्ड बन सकते है। अब तक हुए टी20 विश्व कप के आंकड़ों पर नजर डालें तो कि दो टीमें जिनके नाम विश्वकप में सबसे कम स्कोर का रिकार्ड है। 2 टीमें इसमें अब तक 50 रनों के अंदर आउट हुई हैं। ये टीमें यूगांडा और नीदरलैंड हैं। ये दोनो ही टीमें 50 रनों के अंदर ही आउट हुई हैं। ये दोनो ही एसोसिएट टीमें रही हैं। टी20 विश्व कप की शुरुआत साल 2007 में हुई थे। वहीं साल 2014 तक कोई भी टीम 50 या इससे कम के स्कोर पर नहीं सिमटी थी। नीदरलैंड की टीम साल 2014 में श्रीलंका के खिलाफ 39 रनों पर आउट हो गई थी। इसके बाद 4 और बार टीमें 50 से कम के स्कोर पर सिमट गयीं। नीदरलैंड की टीम साल 2021 के टी20 विश्व कप में भी 50 से कम रनों पर आउट हुई थीं। सबसे कम स्कोर पर आउट होने के मामले में युगांडा की टीम सबसे आगे है, वह साल 2024 के टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ केवल 39 रन पर ही आउट हो गयी थी। वहीं नीदरलैंड की टीम भी साल 2014 में 39 रनों पर आउट हुई थी। वहीं साल 2024 में युगांडा की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 40 रन के स्कोर पर आउट हुई। युगांडा एकमात्र टीम है, जो दो बार 40 से कम रनों पर आउट हुई है। वह सूची में सबसे कम रनों पर आउट होने के मामले में चौथे नंबर पर नीदरलैंड है। वह , साल 2021 में श्रीलंका के खिलाफ केवल 44 रन ही बना पायी थी। पांचवें स्थान पर ओमान की टीम है। वह सला 2024 के टी20 विश्व कप में 44 रनों पर आउट हुई थी।

# टी20 विश्वकप में सैमसन नहीं ईशान करेंगे पारी की शुरुआत : सूर्यकुमार




**मुम्बई (एजेंसी)।** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को इस बार भी शायद ही टी20 विश्वकप खेलने का अवसर मिले। पिछली बार सैमसन टीम में शामिल थे पर उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली थी। वहीं इस बार भी उन्हें अवसर मिलने की संभावनाएं समाप्त हो गयी हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि अभिषेक शर्मा के साथ ईशान किशन पारी की शुरुआत करेंगे। सैमसन इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई सीरीज में असफल रहे थे जबकि ईशान ने जबरदस्त प्रदर्शन किया था। ऐसे में उन्हें विश्वकप में जगह मिलने की उम्मीद पहले ही समाप्त हो गयी थी। भारतीय टीम पहले अभ्यास मैच मे भी अभिषेक और ईशान के साथ उतरी। ईशान ने इस दौरा अर्धशतक लगाकर अपने चयन को सही साबित किया।

ईशान को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के अंतिम मुकाबले में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी मिली थी। इससे साफ है कि अब सैमसन की विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर उतरने की संभावना भी समाप्त हो गयी है।

इससे पहले जब टी20 विश्व कप और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम चुनी गई थी तो संजू सैमसन मैन ओपनर और मैन विकेटकीपर थे, लेकिन अब बैकअप ओपनर और बैकअप विकेटकीपर के तौर पर टूर्नामेंट शुरू करेंगे।

सैमसन की इस हालत के कारण वह स्वयं हैं। पांच मैचों की टी20 सीरीज में सैमसन ने पारी की शुरुआत करते हुए केवल 46 रन ही बनाये थे। सीरीज में उनका औसत 9.20 का था। 135.29 का स्ट्राइक रेट उनका रहा। 6 चौके और 2 छक्के पूरी सीरीज में उनके बल्ले से निकले। वहीं, अभिषेक ने 5 मैचों में 182 रन बनाए, बावजूद इसके कि वे दो मैचों में खाता भी नहीं खोल पाये थे। वहीं ईशान ने नंबर 3 पर 4 मैचों में 215 रन बनाए।

# दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं-नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले बोले नागल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरु – भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह नीदरलैंड के खिलाफ भारत के डेविस कप मुकाबले से पहले कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के दौरान दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहे हैं। नागल खराब फॉर्म और उसके कारण खराब नतीजों की वजह से मुश्किलों से भरे 2025 सत्र के बाद विश्व रैंकिंग में 281वें स्थान पर खिसक गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन हफ्तों के एकाग्र रिहैबिलिटेशन ने उन्हें मुकाबले में उतरने से पहले आत्मविश्वास दिया है।

नागल ने ट्रेनिंग सत्र के बाद कहा, 'अच्छा महसूस कर रहा हूं, दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं पिछले दो-तीन हफ्तों से बहुत मेहनत कर रहा हूं। मेरे लिए शिविर बैंकॉक के ठीक बाद शुरू हो गया था। मुझे वहां इतना अच्छा महसूस नहीं हो रहा था लेकिन मैं उसी रात वापस आ गया, अपना रिहैब शुरू किया और सच कहूं तो मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैंने डेविस कप के लिए तैयार होने के लिए वह सब कुछ किया जो मैं कर सकता था।'

इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को बैंकॉक में कूल्हे में चोट लगी थी और उन्होंने माना कि उबरने का दौर मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था। इस सुझाव के बावजूद कि धीमे कोर्ट भारत के लिए बेहतर हो सकते थे नागल ने बेंगलुरु में मुकाबला आयोजित करने के फैसले का समर्थन किया और नीदरलैंड के खिलाड़ियों की ताकत की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, '(जेस्पर) डि जोंग और गाय (डेन ओडेन), वे दोनों क्ले कोर्ट पर बहुत अच्छे हैं। उन्होंने उस सतह पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मुझे लगता है कि यह अच्छा हुआ कि हमने बेंगलुरु को चुना। मैं यहां सहज हूं, मैंने अपने करियर में इन परिस्थितियों में खेलते हुए बहुत समय बिताया है।'

नागल ने परिचित माहौल के महत्व पर भी जोर दिया और आयोजन स्थल तय होने के बाद अपना ट्रेनिंग स्थल बेंगलुरु में स्थानांतरित कर लिया था। नागल ने कहा, 'जब हमें पता चला कि डेविस कप यहां होने वाला है तो हमने अपना शिविर स्थानांतरित कर लिया। मैं डब्ल्यूटीएल के बाद यहीं रुक गया, चैलेंजर के लिए जल्दी आ गया और यहां जितना हो सके उतना समय बिताने की कोशिश की।'

उन्होंने कहा, 'जब हमें पता चला कि डेविस कप यहां होने वाला है तो



हमने अपना शिविर बदल दिया। मैं डब्ल्यूटीएल के बाद यहीं रुक गया, चैलेंजर के लिए जल्दी आ गया और यहां जितना हो सके उतना समय बिताने की कोशिश की।' नागल 2025 के उतार-चढ़ाव भरे सत्र के बाद शीर्ष 100 से बाहर हो गए और उन्होंने इसे 'एक बड़ा सीखने का अनुभव' बताया। उन्होंने कहा, 'अगर आप टेनिस में अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं तो आपकी रैंकिंग गिरती है, पैसे कम मिलते हैं, सब कुछ खत्म हो जाता है। मैं ऐसे मैच हार रहा था जो मुझे जीतने चाहिए थे और करीबी मैच भी नहीं जीत पा रहा था। इसी वजह से रैंकिंग गिरने लगी।'

नागल ने पिछले साल सिर्फ दो एटीपी टूर स्तर की प्रतियोगिता खेली और चैलेंजर सर्किट में सात बार पहले दौर में ही बाहर हो गए। उन्होंने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण था, बीमार पड़ना, चोट लगना, लय खो देना। 2025 के आखिर में मैंने फिर से बेहतर खेलना शुरू किया लेकिन मैंने एक सीमित कार्यक्रम के अनुसार खेलने का फैसला किया और लंबे सत्र पूर्व कार्यक्रम पर ध्यान देने के लिए अपना सत्र जल्दी खत्म कर दिया।'

# जून में शादी के बंधन में बंध सकते हैं रिंकू और प्रिया



नई दिल्ली (ईएमएस)। क्रिकेटर रिंकू सिंह सपा सांसद प्रिया सरोज के साथ इसी साल जून में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। रिंक अभी आईसीसी टी20 विश्वकप के लिए टीम के साथ हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी शादी की तारीख शीघ्र ही सामने आयेगी। रिंकू और प्रिया की सगाई पिछले साल लखनऊ में हुई थी। इसमें कई दिग्गज राजनेता और क्रिकेटर भी शामिल हुए थे। पहले दोनों के शादी को लेकर 18 नवंबर 2025 की तारीख सामने आई थी पर रिंकू के व्यस्त होने के कारण इसे टाल दिया गया था। रिंकू की सगाई की तस्वीरों को प्रशंसकों ने खूब पसंद किया था। प्रिया के साथ उनके रिश्ते की खबर सोशल मीडिया पर छायी रही थी। सगाई की तस्वीरें और डांस के वीडियो भी प्रशंसकों ने जमकर पसंद किये थे। रिंकू आईपीएल 2024 के बाद से ही भारतीय टीम के साथ हैं। अभी वह टी20 विश्वकप में व्यस्त हैं। विश्वकप 7 फरवरी से शुरु होने वाला है। इसके बाद 26 मार्च से 31 मई के बीच आईपीएल मुकाबले होंगे। इसके बाद ही रिंकू और प्रिया की शादी होगी। रिंकू भारतीय टी20 टीम में शामिल हैं। इसके अलावा वह आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से खेलते हैं।

# टी20 विश्वकप में अभिषेक पर रहेंगी नजरें : शास्त्री

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री मानना है कि टी20 विश्वकप में आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर सभी की नजरें रहेंगी। शास्त्री के अनुसार अभिषेक इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के ट्रंप कार्ड साबित होंगे। इस पूर्व कोच के अनुसार अभिषेक निडर होकर खेलते हैं। उनमें गजब का आत्मविश्वास है और ऐसे में वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोध टीम के गेंदबाजी क्रम को धवस्त कर देते हैं। इसके अलावा उन्हें घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। इससे वह टूर्नामेंट के सबसे खतरनाक बल्लेबाज बनकर उभरेंगे। यहां एक कार्यक्रम में शास्त्री ने अभिषेक की जममर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह विश्वकप में सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी होंगे जो मैच बदलने में सक्षम रहेगा। उनके अनुसार अभिषेक इस समय जबरदस्त लय में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। जिस प्रकार का आत्मविश्वास उसके अंदर भरा हुआ है। उससे भी उससे एक आक्रामक बल्लेबाज बनने में सहायता मिली है। वह मैदन में उतरते ही विरोधी टीम के गेंदबाजों पर दबाव बना देता है। शास्त्री का मानना है कि अभिषेक की सबसे



बड़ी ताकत उकसा आत्मविश्वास है। वह घरेलू दर्शकों का समर्थन मिलने से और भी खतरनाक हो जाता है। साथ ही कहा , अगर अभिषेक रन बनाते हैं, तो इसका सीधा मतलब है कि भारत मैच में आगे बना रहेगा रहेगा। इससे अंदाजा होता है कि अब भारतीय टीम की सफलता काफी कुछ अभिषेक की बल्लेबाजी पर आधारित रहती है। अभिषेक ने सबसे पहले आईपीएल 2024 में अपने आक्रामम प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा था। इसी कारण उन्हें टी20 विश्व कप के बाद भारतीय टीम में भी अवसर मिला। जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी ही सीरीज में इस बल्लेबाज ने अपनी प्रतिभा दिखायी।

# रोनाल्डो ने फीफा वर्ल्ड कप को लेकर की भविष्यवाणी, ये टीम जीतेगी खिताब

**रियो डी जेनेरो (एजेंसी)।** पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो ने कहा कि उन्हें इस साल के फीफा वर्ल्ड कप में एक नई ऊर्जा से भरी ब्राजील टीम देखने की उम्मीद है, और उन्होंने मैनेजर कार्लो एंसेलोटी के सकारात्मक प्रभाव की तारीफ की। पांच बार की वर्ल्ड कप विजेता ब्राज़ील क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे थी, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में पांचवें स्थान पर रही, जो लीडर और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से 10 अंक पीछे थी। लेकिन रोनाल्डो ने कहा कि पिछले साल मई में अपनी नियुक्ति के बाद से एंसेलोटी ने राष्ट्रीय टीम में नया आत्मविश्वास जगाया है।

दो बार के वर्ल्ड कप विजेता ने पत्रकारों से कहा, 'मैं बहुत आशावादी हूं।हमने कुछ बार मुलाकात की है और छठे खिताब पर विश्वास करने के लिए ब्राजीलियाई फैंस से अपील करते हुए एक मजेदार विज्ञापन भी फिल्माया है। मैं उन्हें जानता हूं, मैं उनके काम करने का तरीका जानता हूं, इसलिए जब वह राष्ट्रीय टीम में शामिल हुए थे, उससे कहीं ज्यादा मैं अब उत्साहित हूं।' वर्ल्ड कप 11



जून से 19 जुलाई तक संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। ब्राजील 13 जून को मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी अभियान शुरू करेगा, जिसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड का सामना करेगा। रोनाल्डो, जिन्होंने 2002 में ब्राजील को आखिरी वर्ल्ड कप जीत दिलाई थी, जब उन्होंने आठ गोल किए थे, जिसमें जर्मनी के खिलाफ फाइनल में दो गोल शामिल थे, उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट देश को एकजुट करेगा। पूर्व बार्सिलोना और रियल मैड्रिड स्टार ने कहा, ''यह (वर्ल्ड कप) एक ब्राजीलियाई के लिए सबसे बड़ी खुशी है। यह एक ऐसा आयोजन है जो हमारे छठे खिताब की तलाश में ब्राज़ीलियाई लोगों को एक साथ लाएगा। मुझे लगता है कि हमें इस मौके का फायदा उठाना चाहिए।' रोनाल्डो ने कहा कि उन्होंने 2024 और 2025 में क्रमशः ब्राजील के क्रूजेरो और स्पेन के वलाडोलिड में अपनी अधिकांश हिस्सेदारी बेचने के बाद फुटबॉल क्लब के स्वामित्व से एक कदम पीछे हटने का फैसला किया है। 49 वर्षीय ने कहा, 'फुटबॉल टीमों से जुड़े प्रोजेक्ट्स के साथ मेरा कोई वित्तीय लक्ष्य नहीं था। मैं खुद का एक प्रोजेक्ट लीड करने का अनुभव लेना चाहता था, जिसमें मैं इंचार्ज रहूं, और यह बहुत बढ़िया था। लेकिन जब मुझे समझ आया कि क्लब्स को आगे बढ़ाने के लिए मुझे पीछे हटना होगा, तो उसी पल मैंने दोनों स्टेक बेचने का फैसला किया।' अब वह छोटे बिज़नेस वेंचर्स पर फोकस कर रहे हैं, जैसे साओ पाउलो में एक नए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की योजना जिसमें आर्टिफिशियल वेव पूल होंगे। उन्होंने कहा, 'जब मैंने वे दोनों टीमें बेचीं, तो मैंने तय किया कि कुछ समय के लिए मैं फुटबॉल इंडस्ट्री से ज्यादा शांत चीजें चाहता हूं।'

# महिला हॉकी टीम की फिटनेस पर है ध्यान : कोच



नई दिल्ली (एजेंसी)। ।भारतीय महिला हॉकी टीम इसी साल होने वाले एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक की तैयारियों में लगी है। इसी को देखते हुए मुख्य कोच स्योर्ड मारिज्ने ने कहा है कि उनका पूरा ध्यान टीम की फिटनेस बनाये रखने के साथ ही आपसी तालमेल को बेहतर करने पर रहेगा। मारिज्ने ने कहा कि फिटनेस पर अधिक ध्यान इसलिए दिया जा रहा है क्योंकि ये आजकल के खेल में सबसे जरुरी है। इसी पर टीम का प्रदर्शन आधारित रहता है। इसके अलावा खिलाड़ियों के एक जुट होकर खेलने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब टीम फिट होगी तभी वह बेहतर प्रदर्शन कर पायेंगी क्योंकि दबाव सहने के लिए शारीरिक रुप से मजबूत होना जरुरी है। भारतीय टीम को अभी 8 से 14 तक हैदराबाद में होने वाले एफआईएच महिला विश्व कप क्वालीफायर खेलने हैं। इसके अलावा एशियन गेम्स 2026 और एलए 2028 ओलंपिक चक्र के अन्य बड़े टूर्नामेंट भी खेलने हैं। टीम आजकील बेंगलुरु स्थित साई के क्षेत्रीय केंद्र में राष्ट्रीय कोचिंग कैंप में अभ्यास कर रही है। ये 18 फरवरी तक चलेगा। शुरुआत में इस शिविर में 49 खिलाड़ी शामिल थे, जिनमें 43 सीनियर और छह जूनियर थीं।

# फेड कप 2026 चयन विवाद: विनेश फोगाट ने हरियाणा कुश्ती संघ पर साधा निशाना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने फेडरेशन कप 2026 के चयन को लेकर हरियाणा कुश्ती संघ के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने चयन मानदंडों को 'अनुचित' बताते हुए कहा कि मौजूदा नियम न सिर्फ भेदभावपूर्ण हैं, बल्कि कई प्रतिभाशाली पहलवानों के करियर पर भी खतरा बन सकते हैं। विनेश का मानना है कि सीमित ट्रायल नीति भारतीय कुश्ती में निष्पक्षता और नए टैलेंट के विकास दोनों के खिलाफ है।

### चयन मानदंडों पर विनेश की कड़ी आपत्ति

विनेश फोगाट ने हरियाणा कुश्ती संघ के उस फैसले पर सवाल उठाए, जिसमें फेड कप 2026 के ट्रायल केवल 2025 के सीनियर राज्य पदक विजेताओं और 2025 में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले पहलवानों तक सीमित कर दिए गए हैं। उनका कहना है कि इस नीति ने हजारों मेहनती खिलाड़ियों को बिना किसी ठोस कारण के बाहर कर दिया है।

### 2024 के राष्ट्रीय पदक विजेताओं को बाहर क्यों?

विनेश ने खास तौर पर इस बात पर नाराजगी जताई कि 2024 के राष्ट्रीय पदक विजेताओं को चयन प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या एक साल पहले देश के लिए पदक जीतने वाले पहलवान अचानक अयोग्य हो जाते हैं। उनके मुताबिक, यह फैसला प्रदर्शन आधारित चयन की मूल भावना के खिलाफ है।

### उम्र सीमा और चोट से जूझ रहे पहलवानों की अनदेखी

फोगाट ने यह भी कहा कि उम्र सीमा के कारण 2025 सीनियर नेशनल में हिस्सा न ले पाने वाले पहलवान 2026 में पूरी तरह योग्य हैं, फिर भी उन्हें मौका नहीं दिया जा रहा। इसके अलावा, चोटिल खिलाड़ियों को भी चयन से बाहर कर दिया गया है, जो उनके अनुसार अन्यायपूर्ण है क्योंकि चोट खेल का हिस्सा होती है, अपराध नहीं।

### 'ये टूर्नामेंट हर खिलाड़ी का सपना होते हैं'

विनेश ने जोर देकर कहा कि एशियाई खेल, विश्व चैंपियनशिप और फेडरेशन कप जैसे इवेंट हर पहलवान के करियर के लिए बेहद अहम होते हैं। उनका मानना है कि मौजूदा चयन नीति खिलाड़ियों के भविष्य पर समय से पहले ब्रेक लगाने जैसा है और सालों की मेहनत को बेकार कर देती है।

### निष्पक्ष ट्रायल की कमी से रुक रहा नया टैलेंट

स्टार पहलवान ने राज्य स्तर पर निष्पक्ष ट्रायल न होने को भारतीय कुश्ती की सबसे बड़ी समस्या बताया। उनके अनुसार, जब खिलाड़ियों को खुद को साबित करने का मौका ही नहीं मिलेगा, तो देश के लिए नई प्रतिभाएं सामने कैसे आएंगी।

### ओपन ट्रायल की जोरदार मांग

विनेश फोगाट ने खुलकर ओपन ट्रायल की वकालत की। उन्होंने कहा कि असली टैलेंट सिर्फ मैट पर पहचाना जा सकता है, न कि कागजी मानदंडों से। किसी खिलाड़ी को ट्रायल का मौका न देना उसके साथ सबसे बड़ा अन्याय है।

### मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील

अपने बयान के अंत में, विनेश ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और नायब सैनी से इस मुद्दे में दखल देने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य के पहलवानों को न्याय दिलाने के लिए सरकार का हस्तक्षेप बेहद जरूरी है।

# बांग्लादेश को विश्वकप में शामिल किया जाता है तो पाकिस्तान भी बदलेगा बहिष्कार का फैसला : सेठी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी ने कहा है कि अगर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बांग्लादेश को टी20 विश्वकप में शामिल करने के लिए तैयार हो जाता है तो उनकी टीम भारत के खिलाफ मैच खेलने के लिए तैयार हो जाएगी। वहीं आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को चेतावनी दी है कि मैच का बहिष्कार उसे भारी पड़ेगा। ऐसे में उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई हो सकती है। आईसीसी ने यह भी साफ किया है कि



बहिष्कार का कदम खेल और व्यावसायिक हितों के लिए सही नहीं होगा, क्योंकि भारत-पाकिस्तान मुकाबले का महत्व बहुत बड़ा है. हालांकि आईसीसी ने अभी तक ये नहीं बताया है कि वह पीसीबी को किस प्रकार की सजा दे सकती है। वहीं सेठी का मानना है कि हालात अब भी ठीक हो सकते हैं। उन्होंने कहा, 卐मेरे हिसाब से अगर बांग्लादेश को श्रीलंका बुलाया जा सकता है, तो अभी देर नहीं हुई है। वहां कई मैच खेले जा रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि सभी लोगा विश्व क्रिकेट की भलाई को देखते हुए सही फैसला करेंगे। हर कोई भारत-पाकिस्तान मैच देखना चाहता है। साथ ही कहा कि अगर आईसीसी उनकी बात नहीं मानती है तो पाक मैच से बाहर रहने के फैसले पर बना रहेगा। उसने कानूनी मामलों से निपटने के लिए अपने वकीलों से बात की है।

# मलयालम से अलग है हिंदी दृश्यम 3 की कहानी



क्राइम-थ्रिलर 'दृश्यम' अपने तीसरे पार्ट के साथ फिर लौट रही है। 'दृश्यम 3' मलयालम के साथ हिंदी में भी शुरू हो चुकी है। एक बार फिर विजय सालगांवकर (अजय देवगन) अपनी फैमिली के साथ वापस लौट रहे हैं। अब फिल्म को लेकर अभिनेत्री श्रिया सरन काफी उत्साहित हैं। उन्होंने इस फेंचाइजी के अपने सफर को इमोशनल बताते 'दृश्यम 3' के बारे में बात की है।

## दस साल पहले शुरू हुई थी पहले पार्ट की शूटिंग

इंडिया टुडे के साथ बात करते हुए श्रिया सरन ने 'दृश्यम 3' को लेकर खुशी जताई। 'दृश्यम' की दुनिया में अपनी भूमिका को फिर से निभाने के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित हूं। इस बार, कहानी असाधारण रूप से अच्छी तरह से लिखी गई है, बहुत कसी हुई और दिलचस्प है। यह फेंचाइजी का आखिरी पार्ट है। हम अभी इसकी शूटिंग कर रहे हैं। यह मेरे लिए एक बेहद भावुक सफर है क्योंकि जब मैंने हाल ही में फिल्म देखी, तो मुझे एहसास हुआ कि पहला भाग दस साल से भी पहले शूट किया गया था। हम सब बहुत बदल गए हैं। मैं तब से बहुत बदल गई हूं।'

## इस वजह से बाकी फिल्मों से अलग है 'दृश्यम'

श्रिया ने बताया कि दृश्यम को जो बात सबसे अलग बनाती है, वह सस्पेंस जॉनर में कहानी को अलग तरह से कहने की कला है। मुझे याद नहीं कि किसी मिस्ट्री फेंचाइजी के तीन पार्ट हों। हमने ड्रामा सीरीज तो देखी हैं, लेकिन एक मिस्ट्री फेंचाइजी, जिसमें पूरी कहानी एक छोटी सी घटना के इर्द-गिर्द घूमती




हो, यह कमाल है। यकीन मानिए तीसरा पार्ट बेहद दिलचस्प है। इस दौरान उन्होंने 'दृश्यम 3' के एक बड़े ट्विस्ट की ओर भी इशारा किया।

## मलयालम से अलग है हिंदी वर्जन

श्रिया सरन का मानना है कि मलयालम और हिंदी की 'दृश्यम' में अंतर है। यही कारण है कि फिल्म हर भाषा में अलग अनुभव देती है और पसंद की जाती है। उन्होंने कहा कि हिंदी 'दृश्यम 2' मलयालम वर्जन से बहुत अलग थी। यहां तक कि हिंदी 'दृश्यम 3' भी मलयालम वाली फिल्म से काफी अलग है।

## 2015 में रिलीज हुई थी पहली 'दृश्यम'

'दृश्यम' फेंचाइज की शुरुआत साल 2015 में हुई थी। पहली फिल्म में अजय देवगन के साथ तब्बू, श्रिया सरन, रजत कपूर और इशिता दत्त प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। इसके बाद साल 2022 में 'दृश्यम 2' रिलीज हुई। इसमें अक्षय खन्ना भी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। अब लगभग चार साल बाद फेंचाइजी का तीसरा पार्ट रिलीज होने जा रहा है।



# बहन शाहीन के साथ मिलकर फिल्म निर्माण करेंगी आलिया



आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है- डोंट बी शाय। यह प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण आलिया ने अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर किया है।

आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है- डोंट बी शाय है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...। दरअसल, यह एक ऐसी कहानी जिसके साथ आप बड़े होते हैं।

## सेलेब्स और फैंस के कमेंट्स

आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने, फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, अब तक की सबसे प्यारी घोषणा, एक फैन ने लिखा, आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है, दूसरे फैन ने लिखा, यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।

## कब रिलीज होगी लव एंड वॉर

आलिया भट्ट लव एंड वॉर में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# भूमि पेडनेकर ने इंटरनेट स्क्रोलिंग को कहा दलदल

**भूमि पेडनेकर की क्राइम बेस्ड सीरीज दलदल में उनके किरदार की दर्शक काफी तारीफ कर रहे हैं। बचपन के ट्रामा और मानसिक हालत को जोड़ कर बनी हुई ये सीरीज कई परतें खोलती हैं। इस इंटरव्यू में अभिनेत्री ने एंटरप्रेन्योर के तौर पर कई बातें साझा की हैं।**

भूमि की वेब सीरीज दलदल में आज के दौर में समाज में हो रहे अपराध के पीछे के कारण को भी दिखाया गया है। भूमि से जब उनके सबसे बड़े दलदल के बारे पूछा गया तो भूमि ने कहा, मेरा सबसे बड़ा दलदल इंटरनेट स्क्रोलिंग था। मुझे सोशल मीडिया यूज करते वक्त पता ही नहीं चलता था कि कब कितना समय निकल गया? यह एक ऐसी आदत थी जिससे बाहर निकलना जरूरी था और मैंने इसे धीरे-धीरे बदला भी। आज सोशल मीडिया एक बेहद डरावनी जगह बन गया है। सोशल मीडिया पर अगर किसी के बारे में एक बार कुछ गलत कह दिया जाए तो बाकी लोग भी वही दोहराने लगते हैं और वह चीज एक ट्रेंड बन जाती है। लोगों के लिए जागरुक रहना और खुद को इस दलदल से बाहर निकालना जरूरी है।

बतौर एंटरप्रेन्योर इस फील्ड में जाएंगी भूमि

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने बातचीत के दौरान सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल पर भी चर्चा की। बतौर एंटरप्रेन्योर,जब भूमि से ये पूछा गया कि क्या एक सच और झूठ बता देने वाला प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए तो एक्ट्रेस ने जवाब दिया, यह वाकई एक बहुत अच्छा आइडिया है। मेरे मन में अक्सर आता है कि काश ऐसा कोई स्टार्टअप या प्लेटफॉर्म हो जो सिर्फ फैक्ट चेक पर काम करे। जहां लोग अपनी तरफ से भी वीडियो या जानकारी भेज सकें और यह प्लेटफॉर्म एआई या एक्सपर्ट्स की मदद से तुरंत बता सके कि यह सच है या झूठ।कई मीडिया हाउस फैक्ट चेक करते हैं जोकि बहुत अच्छा काम है। मैं खुद भी एक एंटरप्रेन्योर हूं और शायद आगे चलकर इस फील्ड में कुछ करना चाहूंगी।

## 'दलदल' वेब सीरीज ओटीटी पर रिलीज

'दलदल' वेब सीरीज 30 जनवरी से अमेजन प्राइम पर रिलीज हो चुकी है। भूमि पेडनेकर इस सीरीज में मुख्य किरदार में हैं, साथ ही समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी सीरीज में अहम भूमिका में हैं। इस वेब सीरीज में बाकी सपोर्टिंग कैरेक्टर्स जैसे की जया भट्टाचार्य, चिनमय मंडलेकर, गीता अग्रवाल, संदीप कुलकर्णी, सौरभ गोयल भी मौजूद हैं।





# श्रीलीला के साथ पहली बार नजर आएंगे धनुष

धनुष ने हाल ही में अपनी 55वीं फिल्म का एलान किया है, जिसका अस्थाई नाम डी55 है। निर्माताओं ने स्टार कास्ट की घोषणा भी कर दी है। निर्देशक राजकुमार पेरियासामी की अगली फिल्म में धनुष के साथ मुख्य भूमिका में यह अभिनेत्री पहली बार नजर आएंगी। राजकुमार पेरियासामी पहले अमरन फिल्म बना चुके हैं।

## धनुष की आगामी फिल्म का नाम

धनुष की आगामी फिल्म का अस्थाई नाम डी55 है। यह अस्थाई नाम इसलिए डी55 रखा गया है क्योंकि यह धनुष की 55वीं फिल्म हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार मुख्य अभिनेत्री के रूप में श्रीलीला नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार पेरियासामी करेंगे। धनुष और श्रीलीला पहली बार किसी फिल्म में एक साथ नजर आने वाले हैं।

## निर्माताओं ने की घोषणा

फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी वंडरबार फिल्म्स ने यह घोषणा की। उन्होंने लिखा, आपने यह उम्मीद नहीं की होगी। खूबसूरत अभिनेत्री श्रीलीला का डी55 में स्वागत है। साथ में धनुष, श्रीलीला और टीम की कई तस्वीरें भी शेयर की गईं, जो बहुत तेजी से फैंस के बीच सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

## फिल्म डी55 के बारे में

डी55 एक बड़ा प्रोजेक्ट है। धनुष अपनी कंपनी वंडरबार फिल्म्स के साथ आर टेक स्टूडियोज को मिलकर इसे बना रहे हैं। फिल्म का निर्माण अभी मुंबई में चल रहा है। शूटिंग 2026 के आखिर तक पूरी होने की उम्मीद है। फिल्म का संगीत साई अभ्यंकर दे रहे हैं। यह फिल्म 2027 में रिलीज हो सकती है।



# दमदार एक्टर होने के साथ एक फैमिली मैन भी हैं शाहिद कपूर



**बॉलीवुड में शाहिद कपूर की शुरुआत साल 2003 में एक लवर बॉय के तौर पर इश्क विश्क से हुई थी। इंडस्ट्री में आम तौर पर एक्टर्स का एक इमेज में बंध जाना जहां स्वभाविक की समस्या बन जाती है, वहीं हरफनमौला शाहिद ने इस बंधन को मानने से इनकार कर दिया। पर्दे पर उन्हें जब वी मेट और विवाह में निहारने वाले दर्शक तब दंग रह गए, जब कमीने, हैदर, कबीर सिंह में उनका इन्टेंस अवतार दिखा। अब वह विशाल भारद्वाज की ओ रोमियो में एक गैंगस्टर के रोल में नजर आने वाले हैं। आप चाहे उनके फैन हो या नहीं, लेकिन उनकी अदाकारी के ग्राफ की तारीफ हर कोई करता है। एक दमदार एक्टर होने के साथ ही शाहिद एक फैमिली मैन भी हैं। बातचीत में उन्होंने करियर और निजी जीवन के बीच के संतुलन, पैरेंटिंग, शादी, परफॉर्मेंस ओरिएंटेड भूमिकाओं, और ओ रोमियो पर बात की है।**

## अपने परिवार को पॉजिटिव सोच देनी चाहिए

शाहिद कपूर एक बेहतरीन पिता भी हैं। वह मीशा और ज़ैन के प्यारे पापा हैं। आज के दौर में वह बच्चों को वह किस तरह के वैल्यूज देना चाहेंगे? इस सवाल पर एक्टर कहते हैं, 'इस पर तो किताब लिखी जा सकती है। मुझे लगता है कि आपके परिवार के जो मूल्य हैं, वह आपके बच्चों में होने चाहिए। बच्चों को हमेशा पॉजिटिव एनर्जी देनी चाहिए, क्योंकि आजकल के बच्चे और यंगस्टर्स बहुत समझदार हो गए हैं। आजकल के बच्चे हर चीज के लिए बहुत ज्यादा सोचते हैं और नकारात्मक पहलुओं की तरफ उनका फोकस ज्यादा है, तो ऐसे में उन्हें पॉजिटिव सोच देना बहुत जरूरी है। उन्हें बताना जरूरी है कि हम इन फैमिली वैल्यूज में विश्वास करते हैं। बच्चों को बहुत ज्यादा प्यार देने की जरूरत है, एक कनेक्शन स्थापित करना, उनसे कम्युनिकेट करना बेहद आवश्यक है।'

## बच्चों पर अपने सपने ना थोपें

शाहिद से जब पूछा गया कि वह अपने बच्चों को किस चीज से बचाना चाहेंगे? तो जवाब मिला, 'मुझे लगता है कि मां-बाप को अपने बच्चों को अपनी ख्वाहिशों और महत्वाकांक्षाओं से बचाना चाहिए। बच्चों पर अपने सपने न थोपें। ऊपर वाले ने उन्हें अपनी एक यात्रा पर भेजा है और बच्चों को उस सफर पर जाने दें।'

## शादी में एक-दूसरे को वक्त देना बहुत जरूरी है

पत्नी मीरा राजपूत के साथ बॉन्डिंग के बारे में शाहिद कहते हैं, 'मैं हमेशा कहता हूं कि शादी डेली वर्क है। अपनी शादी देखकर हर किसी को लगता है कि दूसरे की शादी अच्छी है, पर ऐसा नहीं होता। जिस तरह से आप आज इंस्टाग्राम या यूट्यूब पर फोकस करते हैं, उसी तरह से अपनी रिलेशनशिप पर भी ध्यान देना जरूरी है। जब आप अपने पार्टनर पर ध्यान देते हैं और उसे इज्जत देते हैं, तो वह सामने वाले को भी महसूस होता है। शादी में पार्टनर को वक्त और सम्मान देना बहुत आवश्यक है। मैं-मीरा ये ही कोशिश करते हैं।'

## आप तभी ट्रांसफॉर्म होते हैं, जब खुद को चुनौती देते हैं

शाहिद कपूर ने लवर बॉय से अपने करियर की शुरुआत की थी और फिर इंटेंस और टफ भूमिकाओं में नजर आए। इस ट्रांसफॉर्मेशन पर वह कहते हैं, 'आप ट्रांसफोर्म तभी हो पाते हैं, जब आप रिस्क लेना या खुद को चुनौती देना शुरू करते हैं। इससे आप मुश्किल भूमिकाएं कर पाते हैं और फिर उस सफर का आनंद उठाने लगते हैं। जब लोग उस चीज को देखते हैं और पसंद करते हैं, तब वे उस तरह के रोल्स का प्रस्ताव आपके पास लाने लगते हैं और एक सिलसिला चल निकलता है।

### ओ रोमियो डरावनी भी है, रोमांटिक भी, इमोशनल भी

शाहिद आगे कहते हैं, अब विशाल सर के साथ ही ओ रोमियो मेरी चौथी फिल्म है। ये नब्बे के गैंगस्टर की प्रेम कहानी है और सभी जानते हैं कि विशाल भारद्वाज की फिल्मों की दुनिया थोड़ी अनोखी और अजीब होती है। फिल्म के अंदर एक ड्रामा है, पर यह फिल्म थोड़ी क्रिकी है। ये एक ही साथ में डरावनी भी है, रोमांटिक भी और इमोशनल भी।'

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।